राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 47 अंक 225
जौनपुर, सोमवार
02 जून 2025
तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
39°C | 29°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8 | जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

कैंटर के डिवाइडर पर चढ़ने से पिता-पुत्र समेत तीन की मौत

अलीगढ़ में हुआ हादसा: घटनास्थल पर आ रहे एक युवक की भी मृत्यु

अलीगढ़, 01 जून। दिल्ली-कानपुर हाइवे पर गांव भुकरावली के पास एटा से बकरी व भेड़ लेकर दिल्ली जा रही कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कैंटर के ऊपर बैठे छह लोग सड़क पर गिर पड़े, जिसमें तीन लोगों की मृत्यु हो जबकि तीन लोग घायल हो गए। वहीं आगे चल रही उनके साथियों की कैंटर गाड़ी की सीएनजी खत्म हो गई।

हादसे की खबर पाकर चार साथी ट्रैक्टर-ट्रॉली में लिफ्ट लेकर घटनास्थल पर जा रहे थे। तभी भांकरी के पास पीछे से आ रहे कंटेनर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मृत्यु हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार को जिला अस्पताल व जेएन मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

दिल्ली जा रहे थे बकरी बेचने के लिए: मिली जानकारी के अनुसार एटा के मारहरा से दस लोग दो कैंटर में बकरी व भेड़ लादकर दिल्ली बेचने के लिए लेकर जा रहे थे। रविवार तड़के करीब 3:30 बजे एक गाड़ी तो आगे निकल गई, जबकि दूसरी गाड़ी हाइवे पर गांव भुकररावली के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। जिसमें गाड़ी पर ऊपर बैठे 65 वर्षीय हजारीलाल पुत्र प्रेम सिंह, उनके 32 वर्षीय बेटा अमर सिंह व 30 वर्षीय विमल, सत्येंद्र पुत्र भगवान सिंह, हरिश्चंद्र पुत्र भगवान सिंह निवासीगढ़ मारहरा एटा तथा फर्रुखाबाद के रहमानपुर निवासी गुड्डू पुत्र भूरेलाल गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भिजवाया। जहां हजारीलाल उनका बेटा अमर सिंह व हरिश्चंद्र को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उधर आगे चल रही उनके साथियों को हादसे की सूचना मिली तो वह गाड़ी को वापस करने लगे। तभी गाड़ी की सीएनजी खत्म हो गई। जिस पर उन्होंने घटना स्थल पर पहुंचने को गभाना की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली से लिफ्ट ले ली।

हाइवे पर भांकरी के समीप दिल्ली की तरफ से तेज गति से आ रहे कंटेनर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में रविन्द्र पुत्र बंदूरी, दीपक पुत्र नानुक, महाराज सिंह पुत्र लक्ष्मी नारायण व यशवीर पुत्र महाराज सिंह घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि रविन्द्र को स्वजन निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने रविन्द्र को मृत घोषित कर दिया।

थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि दो अलग-अलग हादसों में पिता-पुत्र समेत एक ही गांव के चार लोगों की मृत्यु हो गई है, जबकि छह लोग घायल हो गए हैं, जिनका उपचार जारी है।

मंडी में पुल से नीचे गिरी गाड़ी, 5 लोगों की मौत

मंडी, 01 जून। हिमाचल के मंडी में रविवार सुबह आईआईटी के पास नए पुल से पंजाब के लोगों की गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। पुलिस में शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई आरंभ कर दी है। प्रारंभिक सूचना के मुताबिक पंजाब नंबर की गाड़ी पीबी 02 ईजी 4543 नंबर आईआईटी की और जा रही थी। इसमें 6 लोग सवार थे। गाड़ी वहां बने नए पुल, जिसका उद्घाटन नहीं हुआ था, उस पर उतर गई। एकदम स्टीप उतराई के बाद पुल पर मुड़ने से चालक से गाड़ी नियंत्रित नहीं हुई और रेलिंग पर चढ़ गई। गाड़ी में सवार पांच लोग ऊहल नदी और सड़क पर गिरे जिससे उनकी मौत हो गई। जबकि एक घायल है। अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि यह गाड़ी टेंट का सामान लेकर जा रही थी। गाड़ी में रखा सामान भी पूरी तरह से खड्ड और सड़क पर बिखर गया है। एसएचओ पद्धर सौरभ ने बताया कि पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर शवों को बाहर निकालकर पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घायल को नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया है। घायल की हालत भी गंभीर बनी हुई है।

प्रिया सरोज और रिंकू सिंह की शादी पक्की

8 जून को लखनऊ में सगाई, 18 नवंबर को वाराणसी में विवाह

लखनऊ, 01 जून। भारतीय टीम के युवा क्रिकेटर रिंकू सिंह और यूपी के जौनपुर की मछलीशहर सीट से समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज की शादी की बात और तारीख पक्की हो गई है। इसे लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। बताया जा रहा है कि दोनों की सगाई लखनऊ में होने वाली है। 8 जून को लखनऊ के एक होटल में सगाई का कार्यक्रम तय है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शादी की तारीख भी पक्की हो चुकी है। 18 नवंबर 2025 को वाराणसी के एक होटल में शादी की रस्में पूरी की जाएंगी।

पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वाराणसी के एक फाइव स्टार होटल में शादी के लिए बुकिंग हो चुकी है। सूत्रों का कहना है कि सगाई में सीमित संख्या में गेस्ट शामिल होंगे। लखनऊ के 5 सितारा होटल में आयोजित होने वाले इस सगाई समारोह में 21 सांसदों को न्यौता भेजा गया है। सगाई में पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव का पूरा परिवार आमंत्रित है। सगाई में भारतीय क्रिकेट टीम के कई बड़े खिलाड़ियों के भी शामिल होने की संभावना है। विराट कोहली और गौतम गंभीर भी सगाई में शामिल हो सकते हैं। प्रिया सरोज और रिंकू की सगाई और शादी में राजनीति और खेल जगत से जुड़ी कई हस्तियां शामिल हो सकती हैं।

कैसे मिले थे रिंकू सिंह और प्रिया सरोज: बताया जाता है कि प्रिया सरोज और रिंकू सिंह की मुलाकात एक कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी। उस दोस्त के पिता भी क्रिकेटर हैं। दोनों एक साल से एक-दूसरे को जानते हैं। दोनों एक-दूसरे को पसंद करते हैं। उन्होंने इस बारे में अपने परिवारों से बात की और अब परिवारों की रजामंदी से उनकी शादी तय हो गई है।

यूपी के नए डीजीपी बने राजीव कृष्ण

सीएम योगी से मिले, देर रात लिया चार्ज, अखिलेश बोले- ये क्या प्रदेश चलाएंगे

लखनऊ, 01 जून। उत्तर प्रदेश को एक बार फिर कार्यवाहक डीजीपी मिला है। इस बार यह जिम्मेदारी सौंपी गई है 1991 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अफसर राजीव कृष्ण को। राजीव कृष्ण फिलहाल डीजी विजिलेंस और पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष हैं। उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार का कार्यकाल समाप्त हो गया और उन्हें एक्सटेंशन नहीं मिला।

कौन हैं राजीव कृष्ण?: राजीव कृष्ण उत्तर प्रदेश कैडर के 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उन्होंने अपनी सेवाएं बतौर एएसपी बरेली, कानपुर और अलीगढ़ में दीं, जबकि कप्तान के तौर पर वह फिरोजाबाद, इटावा, मथुरा, फतेहगढ़, बुलंदशहर, नोएडा, आगरा, लखनऊ और बरेली जैसे जिलों में रहे। योगी सरकार में राजीव कृष्ण लखनऊ और आगरा के एडीजी जोन रहे। अगस्त 2023 में उन्हें विजिलेंस का एडीजी बनाया गया और जनवरी 2024 में डीजी पद पर प्रमोट किया गया। मार्च 2024 में यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के बाद उन्हें पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड का चार्ज भी दिया गया, जहां उनकी अध्यक्षता में परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।

एटीएस के पहले डीआईजी रहे: जब उत्तर प्रदेश में एटीएस (एंटी टेररिज्म स्क्वाड) की स्थापना हुई, तब राजीव कृष्ण पहले डीआईजी बनाए गए थे। यह उनके प्रोफेशनल ट्रैक रिकॉर्ड की ताकत का एक और प्रमाण है।

अखिलेश यादव ने उठाए सवाल: राजीव कृष्ण को पूर्णकालिक डीजीपी की बजाय कार्यवाहक डीजीपी बनाए जाने पर विपक्ष खासतौर पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'यूपी को मिला एक और कार्यवाहक डीजीपी! आज जाते-जाते वो ज़रूर सोच रहे होंगे कि उन्हें क्या मिला, जो हर गलत को सही साबित करते रहे। यदि व्यक्ति की जगह संविधान और विधान के प्रति निष्ठावान रहते तो कम-से-कम अपनी निगाह में तो सम्मान पाते। अब देखना ये है कि वो जो जंजाल पूरे प्रदेश में बुनकर गये हैं, नये वाले उससे मुक्त होकर निष्पक्ष रूप से न्याय कर पाते हैं या फिर उसी जाल के मायाजाल में फँसकर ये भी सियासत का शिकार होकर रह जाते हैं। दिल्ली-लखनऊ की लड़ाई का ख़ामियाज़ा उप्र की जनता और बदहाल क़ानून-व्यवस्था क्यों झेले? जब 'डबल इंजन' मिलकर एक अधिकारी नहीं चुन सकते तो भला देश-प्रदेश क्या चलाएंगे।'

अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म

18वीं विधानसभा में विधायकी गंवाने वाले छठवां सदस्य

मऊ, 01 जून। वर्तमान 18वीं विधानसभा में विधायकी गंवाने वाला अब्बास अंसारी छठवां विधायक है। इससे पहले रामपुर से सपा विधायक मोहम्मद आजम खां तथा रामपुर की स्वार टांडा सीट से विधायक चुने गए उनके पुत्र अब्दुल्ला आजम, कानपुर की सीसामऊ सीट के सपा विधायक इरफान सोलंकी, मुजफ्फरनगर की खतौली सीट से भाजपा विधायक विक्रम सैनी, सोनभद्र की दुद्धी सीट से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड़ सजा पाने के बाद विधायकी से हाथ धो चुके हैं।

बता दें कि माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और मऊ सदर से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी को शनिवार को एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष जज एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डा. कृष्ण प्रताप सिंह ने 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के समय दिए भड़काऊ भाषण के मामले में दो साल कारावास और 11 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। दो साल की सजा के बाद अब्बास की विधानसभा सदस्यता लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-8 के तहत स्वत: समाप्त हो गई है। कोर्ट के आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने पर विधानसभा सचिवालय मऊ सदर सीट के रिक्त होने की अधिसूचना जारी करेगा, जिसके आधार पर वहां उपचुनाव कराया जा सके। अब्बास ने तीन मार्च 2022 को मऊ के पहाड़पुर मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए चुनाव जीतने के बाद अफसरों को सबक सिखाने की धमकी दी थी। इस मामले में षड्यंत्र रचने का दोषी पाए गए अब्बास के चाचा मंसूर अंसारी को छह माह के साधारण कारावास के साथ एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

अदालत ने इसी मामले में अब्बास के छोटे भाई उमर अंसारी को बरी कर दिया है। बचाव पक्ष के वकील दरोगा सिंह ने बताया कि अदालत ने अब्बास को भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए (धार्मिक उन्माद फैलाने) और धारा 189 (लोक सेवक को नुकसान पहुंचाने की धमकी) के तहत दो-दो साल, धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत एक साल और धारा 171-एफ (चुनाव पर अनुचित प्रभाव डालने) के तहत छह माह कैद की सजा सुनाई है।

एनटीपीसी-विंध्याचल से नौ कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर दी गई गरिमामयी विदाई

तरुणमित्र न्यूज

सोनभद्र। एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मे 31 मई,2025 को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 09 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (आरएलए), नारायण मिश्रा, उप महाप्रबंधक (बीएमडी), फरजन्द हुसैन, उप प्रबन्धक (पीएंडएस), आत्माराम पटेल, अभियंता /एसएलपीएस (प्रचालन), विजय केरकेट्टा, अभियंता/ एसएलपीएस (प्रचालन, आटो ब्रूनो मिंज, अभियंता/एसएलपीएस (प्रचालन), रमेश, अभियंता/ एसएलपीएस (फ्यूल हैंडिलिंग), राजेश कुमार शर्मा, अधिकारी/ एसएलपीएस(रसायन) एवं सूरज लाल साहू, प्रचालक (ईएमजी)। एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई0सत्य फणि कुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई0सत्य फणि कुमार ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा नें भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई0सत्य फणि कुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा फल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण-पत्र आदि भी प्रदान किया गया। तत्पश्चात सेवानिवृत्त कर्मचारीगण ने भी मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किए और एनटीपीसी के साथ बिताए गए समय को अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे सदैव इसके आभारी रहेंगे। उन्होंने अपने सहकर्मियों के सहयोग और स्नेह के लिए विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधिगण, संबंधित विभागों के कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे। समारोह का सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) पूर्णिमा चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

बीजेपी सरकार में लोकतंत्र खतरे में : करमचंद बिंद

तरुणमित्र न्यूज

सोनभद्र। ओबरा विधानसभा के संगठन सृजन बैठक ओबरा नगर में राममंदिर प्रांगण मानसभवन मे बैठक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि नि. प्रदेश सचिव क्वाडिनेटर करमचंद बिंद और क्वाडिनेटर विधि सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नि. जिला महासचिव बाबूलाल पनिका ने किया।

इस दौरान पूर्व पी सी सी सदस्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता ईश्वरीय नारायण सिंह ने कहा की संगठन सृजन अभियान से कॉंग्रेस पार्टी जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी। कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा की संगठन सृजन अभियान से जिले मे संगठन को एक नया मूर्त रूप

मिलेगा, महिलाओं, युवाओं, दलितों, पिछड़ों की भागीदारी सुनिश्चित कर संगठन को मजबूत किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व प्रदेश सचिव क्वाडीनेटर करमचंद बिंद और क्वाडीनेटर विधि सिंह ने कहा की बीजेपी सरकार मे लोकतंत्र खतरे मे है, महिलाओं, युवाओं, दलितों ,पिछड़ों पर अत्याचार चरम पर है, कानून व्यवस्था ध्वस्त है, आए दिन हत्या, बलात्कार, लूट की घटनाएं हो रही है। उक्त मौके पर इंटक कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरदेव नारायणन तिवारी,नि.जिला उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी, पी सी सी सदस्य आशुतोष दुबे, नि.पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सेतराम केशरी,नि. जिला महासचिव नागेश मणि पाठक, नि.महासचिव संगीता तिवारी,नि.पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष हिमाचल साहनी, निगम मिश्रा,जिला सचिव संतोष नेताम, संदीप कुमार गुप्ता, रेखा , शशि बाला, मंजु देवी, अहमद हुसैन, रामकृष्ण बैगा प्रधान सूरज वर्मा, विनोद पाठक सिद्धार्थ प्रजापति, सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

थाने में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक को मारी गोली, पुलिस ने किया इंकार

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर जिले से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है जहां के चील्ह थाने में दो दिन से प्रेम-प्रपंच के एक मामले को लेकर चल रही पंचायत में गोली मारें जाने की बात सामने आने से सनसनी फ़ैल गई है।

बताया जा रहा है कि रविवार को दोपहर दोनों पक्षों के बीच बातचीत हो रही थी कि इसी बीच लड़का (प्रेमी) पक्ष के युवक ने थाना परिसर में ही लड़की (प्रेमिका) के भाई को दौड़ाकर गोली मार दी। इस घटना के बाद सभी हतप्रभ रह गए थे वहीं पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि मिर्ज़ापुर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में भदोही का एक युवक पढ़ाता है। जहां चील्ह गांव की युवती भी शिक्षक है। दोनों के बीच प्रेम संबंधों को लेकर विवाद होने पर मामला थाने पहुंचा था, कि इसी बीच यह घटनाक्रम घटित होना बताया जा रहा है। मौके पर एसएसपी सोमेन बर्मा सहित कई थाने की फोर्स तैनात है।

पुलिस ने गोली चलने की घटना को बताया निराधार

चिल्ह थाना परिसर में प्रेम-प्रसंग के मामले में चल रही पंचायत के दौरान एक पक्ष का दूसरे पक्ष पर कहासुनी के बाद दौड़ाकर गोली चलाने का आरोप है, लेकिन पुलिस गोली चलने को घटना से इन्कार कर रही है। इस मामले में एएसपी नितेश सिंह ने अपना बयान दिया है। उन्होंने बताया कि 1 जून 2025 को थाना चिल्ह पर प्रेम प्रसंग के एक प्रकरण में परिवारिजन द्वारा आरोप लगाये गये है कि थाना परिसर में गोली चली है। प्रारम्भिक जांच से गोली चलने की बात असत्य एवं निराधार पायी गयी है तथा मजरूफ का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। जिसमें लगाये गये आरोप असत्य पायी गयी है। प्रकरण में तहरीर प्राप्त कर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

पुत्र को गोली मारकर हत्या करने का आरोपी पिता गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज

भदोही। थाना औराई की पुलिस टीम ने रविवार को अपने पुत्र को गोली मारकर हत्या करने के आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी रायफल 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर व एक मिस कारतूस 315 बोर बरामद कर लिया। आपसी पैसे के लेनदेन के विवाद में आवेश में आकर आरोपी द्वारा घटना को अंजाम दिया गया था। उक्त थाना क्षेत्र के चेरापुर गांव में 20 मई को कैलाशनाथ दुबे पुत्र स्व.उमाशंकर व उनके पुत्र तनंजय दुबे (47 वर्ष) के मध्य रुपए की लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था। उक्त विवाद में कैलाश दुबे द्वारा अपने पुत्र तनंजय दुबे को अपनी लाइसेंसी राइफल से जांघ में गोली मार दिया था । जिसका इलाज वाराणसी के

एक निजी अस्पताल में चल रहा था। 30/31 मई की रात्रि करीब 12ः00 बजे इलाज के दौरान तनंजय की मृत्यु हो गई। पंचायतनामा की कारवाई थाना रोहनिया जनपद वाराणसी द्वारा किया गया। विशाल दुबे पुत्र स्व.तनंजय दुबे के द्वारा इलाज में व्यस्त होने के कारण 31 मई को थाना स्थानीय पर तहरीर दी गई। दिए गए तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 103(1) कैलाश दुबे के विरुद्ध पंजीकृत कर घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए अग्रिम विधिक कारवाई की गई। आज प्रभारी निरीक्षक औराई के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने पुत्र को गोली मारकर हत्या करने के वांछित अभियुक्त कैलाशनाथ दुबे को पुलिस ने उसके घर चेरापुर से गिरफ्तार कर लिया। कब्जे से हत्या की घटना में प्रयुक्त लायसेंसी रायफल 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर व एक मिस कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। उपरोक्त बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा 30 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

वन भूमि पर कब्जा व पेड़ों की कटान बदस्तूर जारी, विभाग अनजान

तरुणमित्र न्यूज

कोन, सोनभद्र। ओबरा वन प्रभाग के वन रेंज कोन अन्तर्गत सम्पूर्ण सेक्सन में वन भूमि पर कब्जा व पेड़ों की कटान बदस्तूर जारी है। इसी क्रम में बतातें चलें कि बागेसोती बीट के झारखंड अंतर्राज्जिय सीमा पर झारखंड वासियों द्वारा उत्तर प्रदेश के सीमा के अंदर लगभग 70 मीटर आकर घर तक बना लिया गया है और वहीं खोहिया जंगल, बड़ाप् के ललुआखोह, बेवरा (बरवाहीखोली) अचरज (हड़वरिया) टेवना (घटवारिया) भालुकूर्द के धरनवा बॉर्डर, कोन के मिश्री, डोमा, चांचीकलां, नरहटी, हर्रा के पडरक्ष आदि जगहों पर बड़े पैमाने पर पेडों को कटान करके वन भूमि पर कब्जा किया जा चुका है और वहीं दूसरी ओर क्षेत्रों में अबैध खनन व बालू परिवहन धड़ल्ले से चल रहा है।

जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों से किया जा चुका है किन्तु संबंधित विभाग द्वारा फर्जी कागजी कोरम पूरा करने का सिलसिला अन्वरत जारी है। जिससे क्षुब्ध होकर आज तड़के बरवाहीखोली , हड़वरिया, घटवारिया में स्थानीय लोगों ने कैलास राम भारती की अगुवाई में वन विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए कहा कि वन विभाग की अफसरशाही नहीं चलेगी ,नहीं चलेगी, वन विभाग की मनमानी नहीं चलेगी, नहीं चलेगी, जंगल की भूमि खाली कराओ ,खाली कराओ , जंगल में पेड़ों की रक्षा करो , फ़र्जी रिपोर्ट लगाना बंद करो, बंद करो, अबैध खनन पर रोक लगाओ, रोक लगाओ , वन विभाग होश में आओ, होश में आओ, जैसे नारे लगाए गये और कार्रवाई न होने की

दशा में आंदोलन करने की बातें कही। जिसके क्रम में वन विभाग से नाराज ग्रामीणों ने कहा कि कोन वन रेंज के अधिकारियों व कर्मचारियों की अफसरशाही इस कदर बढ़ गई है कि क्षेत्र में कोई भी कर्मचारी गस्त नहीं करता और वहीं स्थानीय वन चौकी वीरान पड़ा है। शिकायत करने पर इनके द्वारा कार्यवाही का आश्वासन देकर सिर्फ फर्जी खानापूर्ति किया जाता है।

जिससे अबैध खननकर्ताओं व भू माफियाओं के हौसलें बुलंद हैं और वहीं संबंधित विभाग राजस्व विभाग को पत्राचार कर अपने कर्तब्य की इतिश्री कर लेता है और राजस्व विभाग द्वारा समयाभाव के कारण टाल दिया जाता है जो सोचनीय है। बतातें चलें कि इन दिनों कोन वन रेंज माफियाओं के गिरफ्त में है जिससे साफ तौर पर वन क्षेत्रों में घर तक देखा जा सकता है। ऐसा प्रतीत होता है कि वन विभाग द्वारा मौन सहमति देते हुए वन माफियाओं को खुली छूट दे रखी है। जिसके क्रम में कई बार स्थानीय समाचार पत्रों व न्यूज चौनल में खबर प्रकाशित भी हुआ है फिर भी वन विभाग मुकदर्शक् बनकर तमाशबिन बना हुआ है। प्रदर्शन करने वालों में वरिष्ठ समाजसेवी रामचंद्र सिंह, वन समिति अध्यक्ष कचनरवा बिहारी प्रसाद यादव, भाजपा बूथ अध्यक्ष कचनरवा कैलास राम भारती , रघुवर पासवान, सुदर्शन पनिका, रामअधीन व राम खेलावन यादव, सतन खरवार, विजेंद्र भारती, अजय भारती, मैकू भारती आदि लोग शामिल रहे।

जिसके क्रम में लोगों ने बताया कि वन रेंज कोन के कोन, बागेसोती, भालुकूदर, हर्रा में वन भूमि पर अबैध कब्जा करना जारी है वहीं विभाग कार्यवाही के नाम पर शिकायत कर्ताओं से लिखित शिकायत करने की बात कर पल्ला झाड़ लेते हैं। जब लिखित शिकायत की जाती है तो संबंधित जाँच अधिकारी द्वारा घर बैठे बैठे या किसी को विना सूचना दिये जी पी एस मैप के द्वारा खानापूर्ति करते हुए माफियाओं के बचाव पक्ष में फर्जी जाँच आख्या लगा दी जाती है। इसी क्रम में पर्यावरणविदों ने जंगलों में पेड़ों की अंधाधुंध अबैध कटान व नदियों में अबैध बालू खनन और बोल्डर खनन को लेकर चिंता ब्यक्त किया है। आखिर सबसे बड़ा सवाल उठता है कि संबंधित विभाग इन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं करता, जबकि भ्रष्टाचार के मामले में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश सरकार माफियाओं को मिट्टी में मिलाने के कटिबद्ध है। वहीं दूसरी तरफ कुछ जानकारों का कहना है कि प्रदेश के मुखिया का जीरो टालरेंस की नीति को वन कर्मियों व माफियाओं द्वारा सरेयाम ठेंगा दिखाया जा रहा है।इस बावत वन क्षेत्राधिकारी कोन से सेल फोन पर सम्पर्क किया गया लेकिन कॉल रीसिव नहीं हुआ।बहरहाल प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा इस मामले में कौन सा कार्यवाही किया जायेगा यह तो वक्त् ही बतायेगा या कागजों में ही सिमट कर रह जायेगा।

विद्युत तार लटकने से ग्रामीण परेशान, हादसे की बनी है आशंका

सोनभद्र, शक्तिनगर। स्थानीय परिक्षेत्र में दर्जनों गांव की बस्तियों में जगह-जगह विद्युत केबल लटकने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है की काली मंदिर बस्ती में विद्युत केबल इतने नीचे लटके हुए हैं कि टेंपो भी पार करने में समस्या उत्पन्न हो रही है।

ग्रामीणों के सर के ऊपर से गुजर रहे केबल नीचे होने से हादसे की आशंका बराबर बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इससे पूर्व तैनात जेई कन्हैया तिवारी से संबंधित विषय पर लिखित अवगत कराया गया था लेकिन आज तक न बस्ती में पोल लगा न उसको ऊंचा करने की कोई व्यवस्था की गई। बरसात मौसम आंधी में और भी विद्युत व्यवस्था चरमरा जाती है। इसलिए लोगों ने मौसम से पूर्व क्षेत्र में विद्युत केबल से लेकर अन्य बिजली उपकरण को सही कराने की मांग की है। वर्तमान में तैनात खड़िया कोटा विद्युत उपकेंद्र के के विकास दुबे ने बताया कि बस्तियों में पोल लगाने के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। जल्द ही बस्तियों में पोल लगाया जाएगा।

एन्टीरोमियो टीम ने प्रमुख मार्गों पर चेकिंग कर किया जगरूक

सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है

। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया । साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससे समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

एनसीएल से निदेशक सहित 48 कर्मी हुए सेवानिवृत्त

तरुणमित्र न्यूज

सोनभद्र। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेन्द्र मलिक सहित 6 अधिकारी और 42 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से जितेन्द्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/संचालन); विक्टर कुजूर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन); राजेन्द्र प्रसाद, वरीय निजी सहायक;सत्यानन्द गुड़िया, वरीय निजी सहायक;बिरेन्द्र राय, सहायक पर्यवेक्षक (परिवहन); तथा सुमेश्वर, सहायक फोरमैन सेवानिवृत्त हुए। इन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में एनसीएल मुख्यालय में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) बी. साईराम, निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) श्री सुनील प्रसाद सिंह, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे। अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक बी. साईराम ने कहा कि जितेन्द्र मलिक एक कुशल निर्णयकर्ता, समाधानकर्ता तथा कंपनी की उत्कृष्टता में बहुमूल्य योगदान देने वाले निदेशक रहे। अपने संबोधन में उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को संस्था का ध्वजवाहक बताते हुए उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उनके सुखद और स्वस्थ भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

साईराम ने यह भी कहा कि आज कोल इंडिया में अनेक परिवर्तन हो रहे हैं, जिनके हम सभी साक्षी हैं। अपने उद्बोधन में निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार ने कहा कि निदेशक (तकनीकी/संचालन) मलिक बड़े ही सौम्य व शांत स्वभाव के अधिकारी हैं। खनन क्षेत्र की कठिन परिस्थितियों में भी इसका स्पष्ट उदाहरण देखने को मिला है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि टीम एनसीएल को भविष्य में भी उनका मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों की सेवाओं को नमन करते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की। इस दौरान निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण ने कहा कि आज सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मी समृद्ध व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्होंने यह कामना की कि सभी का सेवानिवृत्त जीवन तन, मन और धन से प्रसन्न रहे तथा आने वाले समय में वे समाज में अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी को उज्ज्वल भविष्य की स्वर्णिम शुभकामनाएँ दी। सेवानिवृत्त हो रहे एनसीएल के निदेशक (तकनीकी/ संचालन) जितेन्द्र मलिक ने कार्यक्रम में कहा कि सेवानिवृत्ति एक पड़ाव है और अब एक नया सफर शुरू होगा। उन्होंने इस अवसर पर सभी को सहयोग, प्रेम और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने दूरदृष्टि, पक्का इरादा और अनुशासन को सफल कार्यकाल का मूलमंत्र बताया। टीम एनसीएल की कुशलता व कार्यसंस्कृति की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कंपनी के उत्तरोत्तर विकास की कामना की। अभिनंदन समारोह के दौरान निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों की पूर्ति असंभव होती है। हमें आशा है कि सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों की भविष्य की सभी योजनाएँ भी आपकी ही तरह सफल होंगी। टीम एनसीएल की ओर से उन्होंने सुखद, स्वस्थ और यशस्वी सेवानिवृत्ति के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने अपने कार्यकाल की स्मृतियों को साझा किया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों से जुड़े संस्मरण एवं विचार व्यक्त किए। अंत में सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से संबंधित उपादेय भेंट किए गए। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में भी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किए गए।

भाजपा की सरकार संविधान को डाल रही खतरे में : प्रमोद पांडेय

ज्ञानपुर, भदोही। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वसीम अंसारी के नेतृत्व में अभोली ब्लॉक के गंगारामपुर गांव में रविवार को संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्वांचल की प्रसिद्ध लोक गायिका पूजा बिंदेश्वरी ने स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पांडेय ने कहा कि भाजपा की सरकार लगातार संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं का राजनीतिकरण कर देश के संविधान को खतरे में डाल रही हैं। दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों का हक व अधिकार समाप्त करने की कोशिश कर रही है। मगर राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता देश के संविधान को बचाने के लिए कृत संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के सांसद व मंत्री 2024 के चुनाव के पूर्व संविधान बदलने की बात कर रहे थे तो देश की जनता ने उनकी सरकार को बैसाखियों पर लाकर खड़ा कर दिया। निश्चित रूप से आने वाले 2027 के चुनाव में यूपी से इन्हें उखाड़कर फेंकने का संकल्प ले लिया है। प्रदेश कोऑर्डिनेटर व जिला प्रभारी सत्यवीर सिंह व दयाशंकर पांडेय ने कहा कि जब पूरा देश पाकिस्तान के विरुद्ध एकजुट खड़ा था। विपक्ष भी सत्ता पक्ष के साथ था। तब उस समय पाकिस्तान को सबक सिखाने के बजाय अमेरिका द्वारा घोषित सीजफायर को स्वीकार कर लिया गया। आज देशभर में तथाकथित विश्व गुरु सेना के शौर्य का श्रेय लेते हुए जश्न मना रहें हैं। जिलाध्यक्ष वसीम अंसारी व वरिष्ठ नेता त्रिलोकीनाथ बिंद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी का स्पष्ट मत है कि देश में जातिगत जनगणना शीघ्र होनी चाहिए। ताकि देश के संसाधनों व सामाजिक सरोकारों में जो असमानता बढ़ती जा रही है उसे दूर किया जा सके। इस मौके पर सतीश बिंद, डॉ.राजेंद्र दुबे राजन, मो.हसनैन अंसारी, पं.दीनानाथ दुबे, काशीनाथ, मुशीर इकबाल, संजू कन्नौजिया, सुरेश गौतम, राजेश्वर दुबे, मसूद आलम, आशुतोष पांडेय, जजलाल राय, संतोष धोबी, सुबुक्तगीन अंसारी, नाजिम अली, राजबहादुर सिंह, परवेज अंसारी, अरशद मलिक, स्वालेह अंसारी, संदीप दुबे, शक्ति मिश्र, सरफराज अहमद, रेहान नवाज आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें। अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमाशंकर बिंद ने की।

ट्रक के पीछे से डंफर टकराया, चालक की मौत

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा चौकी अंतर्गत नैढी कठारी ओवर ब्रिज पर खड़ी ट्रक में पिछे से आ रही डंफर टकरागई जिससे बाडी में फसे चालक की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह पांच बजे मध्यप्रदेश के तरफ से डंफर लेकर औराई जा रहे 26 वर्षीय राजू प्रसाद पुत्र रामसकल निवासी गयासपुर थाना अदलहाट जिला मीरजापुर जैसे ही नैढी कठारी ओवर ब्रिज पर पहुंचे की सर्वीस रोड के पटरी पर खड़ी ट्रक में पिछे से टकरा गये जिससे डंफर के बाड़ी में फंस गये पिछे डंफर लेकर आ रहे जिजा रामसजीवन पुत्र राममुरत निवासी ग्राम

धौगढ थाना चुनार ने 112 नम्बर डायल कर पुलिस सुचना दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने कटर मशीन मंगाकर बाड़ी काटकर फंसे चालक को बाहर निकाला, लेकिन चालक की मौत हो चुकी की थी जिजा रामसजीवन ने बरौधा चौकी पर लिखित सूचना देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की पुलिस ने सुचना के आधार पर डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं इस संबंध में चौकी इंचार्ज बरौधा हरिकेश सिंह ने बताया की नैढी कठारी सर्वीस लेन के पटरी पर खडे ट्रक से पिछे से आ रही डंफर टकरागई चालक डंफर के बाड़ी में फस जाने से मृत्यु हो गया है मृतक चालक के जीजा के सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

अदालती नोटिस

हेतु संदर्भित करने की सूचना

(साधारण प्रारूप)

न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, तृतीय जौनपुर

मु0न0 1376/2024

अकबर अली बनाम शायमा खाँन

धारा- 7 परिवार न्यायालय अधि0 विदायी का दावा

ता.पेशी 02.08.2025 आपत्ति/निस्तारण

बनाम- शायमा खाँन पुत्री स्व0 शकील खान पता म0न0 ए-19/17 ओम कालेश्वर चौहट्टा लाल खाँ, पो0 व थाना आदमपुर, जिला वाराणसी (उ0प्र0)।

चूँकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन हेतु संदर्भित करने के लिए 2025 के 08 के 02 दिवस आपत्ति व निस्तारण बवक्त 10 सुबह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदृष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा, अवधरित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2025 के 05 के 14 दिवस को निकाली गई। -न्यायालय

अदालती सम्मन

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायलय अपर सि0वि0 जज (जू0डि0) न्यूकोर्ट षष्टम जौनपुर

मु0न0 784/2024

उर्मिला बनाम सिकन्दर

ता.पेशी-05.08.2025 जवाब/तनकीह

बनाम- 1- सिकन्दर अली उ0त0 40 साल पुत्र लियाकत अली, 2- अब्दुल कादिर उ0त0 45 साल पुत्र अली अहमद ग्राम भानपुर, पर0 बरसठी, तह0 मडियाहूं जिला जौनपुर।

बावजह हो कि ..... आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 05 माह 8 सन् 2025 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

अदालती सम्मन

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायलय उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर जौनपुर

मु0 सन् 2025

नीरज आदि बनाम सरकार

ता.पेशी-06.06.2025 जवाब/तनकीह

बनाम- 1- उत्तर प्रदेश सरकार जिलाधिकारी जौनपुर 2- ग्राम सभा शिवापार जरिए ग्राम प्रधान।

बावजह हो कि ..... आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 06 माह 6 सन् 2025 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

पूर्व युवा कल्याण अधिकारी का शव मिलने से हड़कंप

हत्या की आशंका, शव कब्जे में लेकर छानबीन में जुटी पुलिस

फाईल फोटो।

जौनपुर। शहर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र स्थित वाजिदपुर तिराहे के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी रामकृपाल यादव का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। घटनास्थल की फोरेंसिक जांच भी कराई जा रही है। रामकृपाल यादव मूल रूप से खुटहन थाना क्षेत्र के मैरवां गांव के रहने वाले थे, और वर्तमान में शहर के पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास स्थित सुंदर नगर कॉलोनी में निवास कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा। वहीं, मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं और जांच की निगरानी कर रहे हैं।

सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक घायल

जौनपुर। अलग-अलग स्थान पर हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। घायल का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। जबकि सूचना पर पहुंची पुलिस में लाशों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और आगे की कार्यवाही करने में जुट गई। बताया जाता है कि खेतासराय थाना क्षेत्र के अहीरों परशुरामपुर गांव निवासी अजय कुमार राजभर उम्र लगभग 24 वर्ष उदल सिंह राजभर रविवार तीसरे पहर बाइक से पिता की दवा लेने खुटहन रोड पर जा रहे थे। इसी दौरान ऑटो की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए परिजन उन्हें अस्पताल लेकर आ रहे थे जहां रास्ते में उनकी मौत हो गई। दूसरी घटना प्रतापगढ़ जनपद पट्टी थाना क्षेत्र के सलाहपुर गांव निवासी सुभाष कुमार 19 वर्ष पुत्र लालमणि अपने मित्र धीरेंद्र कुमार उम्र लगभग 18 वर्ष के साथ बाइक से शनिवार रात्रि लगभग 12:30 बजे महाराजगंज थाना क्षेत्र के लोहिंद्रा रोड के पास से गुजरते समय बोलेरो से भिड़ंत हो गई। नतीजतन बोलेरो खाई में पलट गयी। जबकि बाइक सवार सुभाष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। तथा धीरेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया उसका उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

नाबालिग को भगाने वाले पर धमकी देने का आरोप

केराकत। क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में लड़की के पिता ने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर बताया कि 19 मई की रात करीब 3 बजे उनकी नाबालिग बेटी जिसकी उम्र 14वर्ष को गाँव में रहने वाले युवक अमित सरोज बहला फुसलाकर भगा ले गया। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब उन्हें इस घटना की जानकारी हुई तो वे पास में रहने वाले के घर गए। वहां पूछताछ करने पर आरोपी के परिवारजनों ने गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि हाथ में हसिया लेकर हमला करने की कोशिश की, जिससे उन्हें अपनी जान बचाकर भागना पड़ा। पीड़ित के पिता ने पुलिस से अनुरोध किया है कि उनकी नाबालिग बेटी को जल्द से जल्द बरामद किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारी अवनीश कुमार राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

हिन्दी पत्रकारिता के पास विश्वसनीयता का संकट नहीं : प्रोफेसर आर एन त्रिपाठी

जौनपुर। हिंदी पत्रकारिता दिवस पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पत्रकार भवन मे यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ईकाई द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो आर एन त्रिपाठी ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दी पत्रकारिता दिवस पत्रकारों का

समारोह है। पत्रकारिता को धारदार बनाना होगा। विश्वसनीयता केवल हिन्दी पत्रकारिता के पास ही है। समाज के सामने विश्वसनीयता का संकट नहीं है। पत्रकारिता की आचारिता न जानने वाले केवल चाटुकारिता ही जानते है सत्य आचरण करने वालो के कलम की धार को कोई रोक नहीं सकता। मानवता की विजय के लिए समन्वय आवश्यक है जो पददलित हो रहे है तो समालोचना के माध्यम से राह पर लाया जाना चाहिए। सदैव चरैवेति चरैवेति के मार्ग पर चलना ही होगा। साहित्यकार कवि गिरीश

पत्रकारिता दिवस कार्यक्रम में भाग लेते प्रोफेसर आरएन त्रिपाठी, संपादक आदर्श कुमार व विजय प्रकाश मिश्र समेत अन्य

श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकारिता काटो भरा ताज है। गोष्ठी को अध्यक्ष विजय प्रकाश मिश्र, उपाध्यक्ष आदर्श कुमार, यशवन्त कुमार गुप्त, मंगला प्रसाद तिवारी, चन्द्र मणि पाण्डेय, अरुण कुमार सिंह, आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेश कुमार श्रीवास्तव, दीपक मिश्र, अभिषेक शुक्ल, संजय शुक्ल, सन्तोष कुमार राय, जुबेर अहमद, भोला विश्वकर्मा, सचिन श्रीवास्तव, मनीष कुमार गुप्त, लाल बहादुर यादव, वीरेंद्र कुमार पाण्डेय, सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सन्तोष कुमार सोन्थालिया ने किया। इसी क्रम में आईएफ डब्लू जे, के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बिक्रम राव, वरिष्ठ पत्रकार कुवर यशवन्त कुमार सिंह, व वरिष्ठ पत्रकार यशवन्त कुमार गुप्त की माता के निधन पर उन्हें श्रद्धान्जलि दी गई। और अन्त में राष्ट्रीय अध्यक्ष के विक्रम राव के कृतित्व और व्यक्तित्व पर चर्चा हुई।

ट्रैक्टर से कुचलकर महिला की मौत

तेजीबाजार। स्थानीय थाना क्षेत्र के उदपुर शंकरगढ़ गांव में ट्रैक्टर की चपेट में आकर वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ के उदपुर गांव निवासी केवला देवी पत्नी शोभनाथ सरोज (उम्र लगभग 60 वर्ष) शनिवार की शाम लगभग साढ़े चार बजे घर से थोड़ी दूर पर पेड़ के नीचे छांव में बैठी थी, ईट भट्ठे पर मिट्टी लेकर जा रही तेज गति से ट्रैक्टर महिला के ऊपर चढ़ गया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, खून से लतफत महिला को आनन -फानन में घर वाले जिला हॉस्पिटल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। महिला के बेटे हरिकेश सरोज ने बताया कि उक्त गांव में ही स्थित पारस ईट भट्ठे पर ड्राइवर मिट्टी लादकर ले जा रहा था। ड्राइवर शराब के नशे में धुत था, तेज गति से ट्रैक्टर चलाते हुए वह मेरी मां को कुचलते हुए आगे निकल गया। स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर और चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मां के शव को लेकर हमलोग थाने पर गए और लिखित तहरीर देकर उचित कार्यवाही करने की मांग किये है। देर रात्रि तक परिजन शव को थाने पर रखकर उच्चाधिकारियों को बुलाने की माग कर रहे थे। थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने तहरीर के आधार पर एफ आई आर दर्ज किया। वही देर रात्रि थाने पर पहुंचे बदलापुर तहसीलदार ने परिजन को समझाया और सरकारी सहायता तथा कार्यवाही का आश्वासन दिया तब जाकर परिजन शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजवाने पर राजी हुए। थाने पर ही दर्जनों की संख्या में महिलाएं शव को रखकर दहाड़े मारमार कर रो रही थी, वही गांव के लोग रात्रि 12 बजे तक थाने पर डटे थे। सोमवार शाम चार बजे पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार रामघाट पर किया गया।

नम्रता यादव ने पदक जीतकर बनाया कीर्तिमान

जौनपुर। शिव गोविंद महाविद्यालय मछलीशहर की छात्रा रही नम्रता यादव ने हाल ही में जॉर्डन में आयोजित एशियन जु जित्सू प्रतियोगिता 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। नम्रता यादव की इस उपलब्धि से न केवल उनके कॉलेज बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन हुआ है। उनकी इस सफलता से प्रेरित होकर कॉलेज की प्रबंधक और पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव ने नम्रता को फूल का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा की नम्रता यादव की इस उपलब्धि से यह स्पष्ट होता है कि जिले की प्रतिभाएं किसी भी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकती हैं। नम्रता की इस सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। कॉलेज प्रशासन और स्थानीय लोगों ने नम्रता यादव की इस उपलब्धि पर बधाई दी है और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। नम्रता की इस सफलता से जनपद का नाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उभरा है, और यह जिले के लिए गर्व की बात है इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता राहुल त्रिपाठी समेत कॉलेज परिवार उपस्थित रहा।

लायंस क्लब रॉयल ने किया मूवी शो कार्यक्रम का आयोजन

जौनपुर। सामाजिक संगठन लायंस क्लब रॉयल द्वारा अपने सदस्यों के मनोरंजन हेतु एक पारिवारिक मूवी शो का कार्यक्रम नगर के एक सिनेमा हाल में आयोजित किया गया जिसमें लायंस क्लब रॉयल के सदस्यों ने सपरिवार सहभागिता कर कार्यक्रम को अत्यधिक सफल बनाया इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने कहा क्लब इस भागदौड़ भरी व्यस्त दिनचर्या में कुछ आनन्द के पल पारिवारिक माहौल में व्यतीत करने के उद्देश्य से अपने सदस्यों को बेहतर मौका प्रदान करता रहता है। इसी क्रम में मूवी शो का कार्यक्रम रखा गया है। इस प्रकार के कार्यक्रम मानसिक रूप से भी काफी सेहतमंद होते है। संस्थापक अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा सदस्यों का मानसिक मनोरंजन भी आवश्यक है वहीं कार्यक्रम संयोजक डा. विष्णु गौड़ ने कहा आनन्द और सुकून के पल भी स्वस्थ जीवनशैली को मजबूती प्रदान करते हैं। क्लब द्वारा कामेडी फिल्म ष्भूल चूक माफष दिखाया गया जिसमें क्लब के सभी सदस्यों ने अपने माता-पिता के साथ सपरिवार शामिल होकर स्वादिष्ट भोजन व स्वल्पाहार का रसास्वादन करते हुए भरपूर आनंद लिया।

दुकान के सामने खड़ा ट्रैक्टर चोरी

बरसठी। थाना क्षेत्र के बड़ेरी पुलिस के अंतर्गत शेखनपुर गांव में दुकान के सामने खड़े टैक्टर पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। उक्त गांव निवासी संदीप यादव बीते मंगलवार को अपना तीन ट्रैक्टर और जेसीबी मशीन गांव के ही एक दुकान के सामने खड़ी कर घर चले गए। इसी का फायदा उठाकर ट्रैक्टर चोरों ने खड़े वाहनों में से एक सोनालिका ट्रैक्टर पर हाथ साफ करने में सफल हो गए। चोरी की घटना की जानकारी तब हुई जब अगले दिन सुबह दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा जहां खड़े वाहनों में से एक टैक्टर वाहन गायब था। उसने घटना की सूचना तत्काल वाहन स्वामी को दिया तो वह भागते हुए दुकान पर पहुंचे और पूरी घटना से वाक़िफ़ हुए। पीड़ित वाहन स्वामी ने ट्रैक्टर की खोजबीन अपने स्तर से शुरू किया। जब सफलता नही मिली तो घटना की सूचना बड़ेरी पुलिस चौकी को लिखित रूप से दिया। सूचना के आधार पर पहुचे चौकी प्रभारी विनोद कुमार चतुर्वेदी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वही दूसरी ओर घटना के हफ्ते भर बाद बरसठी पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने में जुट गई।

लोकमाता अहिल्याबाई के व्यक्तित्व पर डाला गया प्रकाश

जौनपुर। भारत विकास परिषद शौर्य के तत्वाधान में 31 मई को सनातन संस्कृति की पुर्नस्थापिका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वी जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन गुलाबी देवी बालिका इंटर कॉलेज कन्हईपुर के सभागार में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता उदयराज सिंह, संस्थापक अध्यक्ष डा. संदीप पांडेय एवं मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा स्वामी विवेकानंद, भारत माता एवं लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आयुष गिरी द्वारा वंदे मातरम गीत गाया गया। संस्थापक अध्यक्ष डा. संदीप पांडेय ने अपने स्वागत उद्बोधन में संस्था द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताते हुए लोकमाता अहिल्याबाई के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और बताया कि हम सभी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। संस्था के संगठन सचिव जयशंकर सिंह ने लोकमाता अहिल्याबाई के संपूर्ण जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। गोष्ठी के मुख्य वक्ता डा. उदय राज सिंह ने देवी अहिल्याबाई होल्कर को संघर्ष त्याग व सनातन संस्कृति का पुनर संस्थापक एवं वीरांगना के रूप में महिला सशक्तिकरण के लिए इनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में साक्षी गिरी ने अहिल्याबाई होलकर के संबंध में एक कविता का दान किया। कार्यक्रम का संचालन अवधेश गिरी शाखा सचिव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतुल जायसवाल, पंकज सिंह, डा. अनिल सिंह, डा. राजेश, नित्यानंद पांडेय, नीरज श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, अम्बरीष पाठक, महिला संयोजिका प्रियंका पांडेय, कंचन पांडेय, अंजू सिंह, जया सिंह, निशा गिरी राहुल अग्रहरि इत्यादि लोग उपस्थित रहे। प्रकल्प प्रभारी रमेश श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

डा. अरुण चतुर्वेदी के निधन पर शोक की लहर

जौनपुर। टी.डी.पी.जी. कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग के पूर्व प्रोफेसर डा. अरुण कुमार चतुर्वेदी का मंगलवार रात लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे 64 वर्ष के थे। अपने पीछे वह दो बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। उनकी पत्नी श्रीमती कुसुमलता चतुर्वेदी सुल्तानपुर प्राथमिक स्कूल सिरकोनी में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। डा. चतुर्वेदी रसायन विज्ञान के एक विद्वान और कुशल शिक्षक के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने लंबे समय तक टी.डी.पी.जी. कॉलेज में अध्यापन कार्य किया और छात्रों के बीच लोकप्रिय रहे। वे सामाजिक संस्था लायंस क्लब (सूरज) से भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे। उनके असामयिक निधन से शिक्षा जगत और समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। शहर के गंगापट्टी (भारती नगर) स्थित उनके आवास पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लगा हुआ है। अनेक शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

वैज्ञानिक विधि से खेती कर उत्पादन बढ़ाए किसान : विवेक कुमार

जौनपुर। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा जनपद में 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वज्ञानिकों तथा कृषि एवं एलाइड अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित कराकर उन्नति खेती की तकनीकियों तथा योजनाओं की जानकारी गांव गांव तक पहुंचाने का कार्य चल रहा हैं।

इसी श्रृंखला में रविवार को अकांक्षात्मक विकासखंड मछलीशहर की ग्राम पंचायतों भटेवरा, बसरवा एवं अमारा में कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को खरीफ फसलों की बुवाई से पहले प्रमाणित बीज का उपयोग, बीज शोधन कर फसल की बुवाई करना,खेत की तैयारी, अधिक फसल उत्पादन की तकनीक, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, डिजिटल क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री प्राकृतिक खेती आदि विषय पर किसानों को जानकारी दी गई। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक कुमार ने मृदा परीक्षण, बीज शोधन, मृदा शोधन, खरीफ फसलों की सुरक्षा की जानकारी दिया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि सरकार मृदा की उर्वरता को बढ़ाने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान पर ढैचा बीज उपलब्ध करा रही है जो सभी राजकीय बीज गोदामों पर उपलब्ध है इसकी बुआई करके 45 दिन बाद मृदा में पलट देने से 70 से 80 किग्रा प्रति हेक्टेयर नाइट्रोजन मृदा को प्राप्त होती है जिससे मृदा में जीवाश्म की मात्रा बढ़ने से मृदा की संरचना में सुधार होने से उत्पादन में बृद्धि होती है, उन्होंने धान की सीधी बुआई, मक्का एवं अरहर की मेड़ पर बुआई की तकनीकी तथा वेहतर उत्पादन के लिए प्रति हेक्टेयर 2 कुन्तल जिप्सम के प्रयोग का सुझाव दिया। कृषि वैज्ञानिक डा. राजीव सिंह द्वारा किसानों को फसल बुवाई के पहले कृषकों को प्रमाणित एवं गुणवत्ता युक्त बीजों का चुनाव, संतुलित उर्वरकों प्रयोग, भूमि शोधन हेतु ट्राइकोडर्मा का उपयोग आदि की जानकारी विस्तार पूर्वक किसानों को उपलब्ध कराई गई।

उद्यान निरीक्षक सत्यभान सिंह द्वारा कृषि सिंचाई योजना, फलों, फूलों एवं सब्जियों की उन्नति शील खेती की जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रधान भानू प्रताप सिंह, राकेश कुमार, शिवनाथ मौर्य, एडीओ एजी. ओमप्रकाश सिंह, बीटीएम प्रमोद उपाध्याय, सुधाकर वर्मा, दिनेश चंद्र गुप्ता, क्षितिज कान्त पांडेय, अखिलेश श्रीवास्तव, राजेन्द्र सिंह आदि कृषक उपस्थित रहे।

जिले में शांतिपूर्वक हुई बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा

जौनपुर। संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2025 को शुचितापूर्ण, निष्पक्ष एवं नकल विहीन ढंग से संपन्न कराए जाने के शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र द्वारा प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान टीडी कॉलेज का औचक निरीक्षण कर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरा सक्रिय पाया गया।

इस दौरान उन्होंने कक्ष निरीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए, परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा सुव्यवस्थित तरीके से संचालित पाई गई। जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा को पारदर्शी तरीके संपन्न कराया जा रहा है। जनपद में बीएड प्रवेश परीक्षा हेतु कुल 27 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान पंजीकृत 13097 परीक्षार्थियों में 11768 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस अवसर पर संबंधित अधिकारीगण सहित अन्य उपस्थित रहे।

परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने जाते डीएम।

पीयू के अमृत सरोवर में हुई चन्दन वाटिका की स्थापना

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में 21 दिवसीय कार्यक्रमों की भव्य शुरुआत रविवार को ऐतिहासिक अमृत सरोवर परिसर में की गई। इस अवसर पर चन्दन वाटिका की स्थापना कर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने चन्दन के पौधे रोपित किए और इस नवाचारी उपवन की आधारशिला रखी। कार्यक्रम का आयोजन कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से किया गया।

जिसका उद्देश्य योग, प्रकृति और मानसिक शांति के प्रति जन-जागरण फैलाना है। उद्घाटन अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि योग एक समग्र जीवन-पद्धति है, जो तन, मन और आत्मा को संतुलित करती है। उन्होंने चन्दन वाटिका को ध्यान, साधना एवं शोध की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल बताया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार से हुई। योग प्रशिक्षक जय सिंह ने उपस्थित जन को योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। संयोजक एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि चन्दन वाटिका विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए ध्यान व चिंतन का एक शांतिपूर्ण स्थान सिद्ध होगी। कार्यक्रम का समन्वय नोडल अधिकारी प्रो. राजकुमार एवं विश्वविद्यालय के खेलकूद विभाग ने किया। कार्यक्रम में प्रो. विक्रम देव शर्मा, प्रो. गिरिधर मिश्र, प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ. राजबहादुर यादव, डा. पुनीत धवन सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अगले 21 दिनों तक विश्वविद्यालय में योग संगोष्ठियां, सामूहिक योगाभ्यास, नि:शुल्क योग शिविर, योग प्रदर्शनी, सूर्य नमस्कार सत्र व योग मैराथन जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। समापन अवसर पर भव्य योग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा का प्रदर्शन कर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

तीन सिपाही लाइन हाजिर

चंदवक। शनिवार को हुए पुलिस अधीक्षक व ग्राम प्रधानों के संवाद में ग्राम प्रधानों द्वारा तीन सिपाहियों पर धन उगाही का आरोप लगाया था। जिस संबंध में एसपी, सिटी को जांच सौंप गई है के बावजूद पुलिस अधीक्षक ने अजय राव, विजय सिंह, वह विष्णु तिवारी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया।

क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की 18 नवंबर को होगी शादी

जागरण। क्रिकेटर रिंकू सिंह के साथ मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज के विवाह को लेकर अबतक लगाए जा रहे अटकलों को विराम लग गया है।

प्रिया 18 नवंबर को रिंकू सिंह के साथ परिणय सूत्र में बधेंगी। विवाह को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रिंग सेरेमनी आठ जून को लखनऊ के द सेंट्रम होटल से होगी। इसमे रिंकू और परिवार के करीबी लोग ही शामिल होंगे। तकरीबन पांच महीने पहले रिंकू की प्रिया सरोज के संग विवाह की खबरें सामने आईं थी। हालांकि उस वक्त इसे नकारा जा रहा था। 18 नवंबर को होटल ताज में होगी शादी केराकत विधायक व प्रिया सरोज के पिता तूफानी सरोज ने बताया कि विवाह 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज से सम्पन्न होगा। पेशे से अधिवक्ता प्रिया वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मछलीशहर सुरक्षित सीट से भाजपा के बीपी सरोज को 35850 वोटों से शिकस्त देकर सांसद बनी थीं। प्रिया को 451292, जबकि बीपी सरोज को 415442 वोट मिले थे। रिंग सेरेमनी में भले ही चुनिंदा लोग शामिल हों, लेकिन विवाह में क्रिकेट के सितारे से लेकर, फिल्म जगत की हस्तियों से लेकर उद्योगपति व राजनेता भी शामल होंगे। आइपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलने वाले अलीगढ़ के रिंकू काफी समय से एक-दूसरे को जानते हैं। तूफानी सरोज ने कहा कि शादी पारंपरिक रीति-रिवाज से होगी। रिंग सेरेमनी आठ जून को सेंट्रम होटल, जबकि विवाह वाराणसी के होटल ताज से 18 नवंबर को होगी।

राजस्व वाद के निस्तारण में जौनपुर प्रदेश में अव्वल

जौनपुर। राजस्व वादों के निस्तारण में मई महीनें में जारी जनपद वार लिस्ट में जनपद को शीर्ष स्थान मिला है। सूची जारी होने पर जनपद के टाप पोजीशन होने पर जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र ने राजस्व कर्मियों की सराहना भी की। डीएम डा. दिनेश चंद्र ने कहा कि मई 2025 में राजस्व की अधिकारिक वेबसाइट पर जारी निस्तारण प्रतिशत में जनपद मानक के सापेक्ष 225 प्रतिशत के साथ वादों का निस्तारण करते हुए प्रदेश भर में शीर्ष स्थान पर रहा। राजस्व मामले के सर्वाधिक निस्तारण करने वाले में एडीएम भू एवं राजस्व अजय कुमार अम्बष्ठ प्रथम रहे, एडीएम भू राजस्व ने मई माह में अकेले ही मई माह में 208 वादों का निस्तारण किया जो मानक का 416 प्रतिशत है। वादों का निस्तारण किया। एडीएम् भू राजस्व अजय कुमार अम्बष्ठ ने बताया ने बताया कि वर्षों से लम्बित वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है। इसमे राजस्व टीम व उपजिलाधिकारी का भी विसेष सहयोग रहा है।

सीएमएस महिला चिकित्सालय में व्यापक भ्रष्टाचार, जनरेटर बना कमाऊपूत

ब्यूरो चीफ की खास रिपोर्ट

जौनपुर। स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरी का दावा खोखला साबित हो रहा है। मरीजों के उपचार से लेकर चिकित्सालय में हर खरीद फरोख्त के पीछे व्यापक अनियमिततायें सामने आ रही हैं।

सीएमएस महिला चिकित्सालय पर गंभीर आरोप लगाते हुए भारतीय जननायक पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं जनपद के वरिष्ठ पत्रकार सतीश चन्द्र शुक्ल सत्पथी ने कहा कि एक जनरेटर ऑपरेटर का ठाटबाट वहां किसी प्रथम श्रेणी राजपत्रित अधिकारी से कम नहीं है। वह मरम्मत के नाम पर जनरेटर से निरंतर अपनी आय में इजाफा कर रहा है। चिकित्सा अधिकारियों के लिए बने सरकारी आवास में संविदा कर्मी बाबू

सतीश चंद्र शुक्ल सत्पथी

एवं अन्य लोग रह रहे हैं जिससे सरकारी मंशा के विपरीत कृत्य का होना पाया जाता है। आगे श्री शुक्ल सत्पथी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरी के नाम पर यहां खुली लूट बदस्तूर जारी है।

साफ-सफाई बिल्कुल नहीं है। अनिवार्य आवश्यक सेवाओं के नाम पर आए दिन जनरेटर की मरम्मत कराकर बिल बाउचर के सहारे धन आहरण किया जाता है जो स्वास्थ्य सेवा नियमावली के प्रति गंभीर जवाब देहील है। महिला चिकित्सालय में लिखी जाने वाली दवाओं की पर्ची पर दलालों की सक्रियता बढ़ती रहती है। हर पर्चे के पीछे दवा दिलाने के नाम पर कमीशनबाजी यहां प्रथा बन गई है। जनहित में अपर निदेशक स्वास्थ्य वाराणसी एवं जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर अपेक्षित है।

नोडल अधिकारी ने निर्माणाधीन पंचायत भवन का किया औचक निरीक्षण

जौनपुर। जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्डों में परिलक्षित परिवर्तनों के भौतिक निरीक्षण किए जाने के शासन के निर्देश के क्रम में नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव आयुष विभाग हरिकेश चौरसिया द्वारा विकासखंड रामपुर में स्थलीय निरीक्षण किया गया। विशेष सचिव, आयुष विभाग द्वारा आज विकासखंड रामपुर के ग्राम पंचायत पचवल में निर्माणाधीन पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया गया। निर्माण की प्रगति संतोषजनक पाई गई।

विशेष सचिव द्वारा कार्य को मानक के अनुरूप तथा गुणवत्तापूर्ण करने तथा सीढ़ी के साथ ही रैंप भी बनाए जाने के निर्देश दिए गए, जिससे वृद्धजनों और दिव्यांगजन को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विशेष सचिव द्वारा खंड विकास अधिकारी को मुख्य चिकित्साधिकारी से वार्ता करते हुए परिसर में जो जमीन रिक्त है, वहां पर एएनएम केंद्र बनाए जाने का सुझाव दिया गया। वर्तमान में एएनएम सेंटर किराए के मकान में संचालित है। इसके साथ ही उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह के आजीविका संवर्धन केंद्र का भी निरीक्षण किया, तथा स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से संवाद भी किया। इसके पश्चात उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर का औचक निरीक्षण किया, एएनसी के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण से संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया, दवाओं की उपलब्धता, साफ सफाई आदि के संबंध में जानकारी ली। विशेष सचिव ने चिकित्सा अधीक्षक से टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा इसके साथ ही चिकित्सा अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अभिनव सरोज, अन्य अधिकारीगण, ग्राम प्रधान, स्थानीय निवासी सहित अन्य उपस्थित रहे।

सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरुद्ध हुई कार्यवाही

जौनपुर। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। शनिवार को सायं 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक समस्त थाना क्षेत्रों में एंटी चीयर्स अभियान के तहत कार्रवाई की गई। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा शराब की दुकानों के आस-पास, सड़कों के किनारे अवैध रूप से संचालित दुकानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर शराब का सेवन कर रहे व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 590 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 34 पुलिस अधिनियम एवं 292 बीएनएसएस के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की गई। इस अभियान का उद्देश्य जनपद में कानून-व्यवस्था को बनाए रखना एवं सार्वजनिक स्थानों पर असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। पुलिस अधीक्षक जौनपुर ने बताया कि ऐसे अभियानों को भविष्य में भी लगातार जारी रखा जाएगा ताकि आमजनमानस को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण मिल सके।

प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आतंकवाद से जूझ रहा पूरा विश्व

बरैछामोड़। वीर जवानों की गौरव गाथा को आखिर कब तक भुनाती रहेगी सरकार। विवरण के अनुसार वीर जवानों की गौरव गाथा आजादी के बाद एवं आज तक देश की सीमाओं तक सुरक्षा को बड़े ही मुस्तादी के साथ देखभाल कर रही है। यहां देश में भारतीय जनता पार्टी का शासन आया तभी से बाल

तरुणमित्र

सोमवार, 02 जून 2025

संवत- 2081, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष.- 07

नैतिकता कितनी

महात्मा गांधी जी ने कहा था कि सिद्धांतों के बिना राजनीति पाप है। इसके अलावा प्रसिद्ध विचारक हेनरी एडम ने कहा है कि मानव स्वभाव का ज्ञान ही राजनैतिक शिक्षा का आदि और अंत है. भारतीय राजनीति का उद्भव प्राचीन काल से हुआ है,किंतु इसकी प्रकृति में परिवर्तन तब आया जब भारत विश्व स्तर पर एक आधुनिक राज्य के रूप में स्थापित हुआ। भारतीय राजनीति में स्वतंत्रता के पूर्व नैतिकता एवं संस्कृति की एकता के दम पर स्वतंत्रता संग्राम पर विजय प्राप्त की थी। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री,सरदार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय और ना जाने कितने महान व्यक्तियों ने नैतिकता और संस्कृति में एकजुट होकर ब्रितानी हुकूमत को देश से भगाया था। देश का स्वतंत्रता संग्राम जनप्रतिनिधियों को नैतिकता के पालन के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। जब भारत में स्वतंत्र लोकतांत्रिक राजनीति का आरंभ हुआ तो नैतिकता का पतन, क्षरण आरंभ हो गया। राजनीति धीरे धीरे सिद्धांत से विमुख होती गई तथा इसकी दशा और दिशा में नैतिकता का क्षरण तथा पतन धीरे-धीरे प्रारंभ हो गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात यह माना जाता रहा है की राजनीति में अनैतिकता के पनपने के दो प्रमुख कारण माने गए धनबल और बाहुबल। राजनीति में ऐसा कहा जाता है कि जिसके पास धन होता है उसके पास बल भी होता है, और भारतीय राजनीति में और कई प्रदेशों के संदर्भ में यह बात सर्वथा उचित प्रतीत होती है।

भारतीय राजनीति में धनबल और बाहुबल का नकारात्मक प्रभाव नैतिकता के पतन के रूप में सामने आया है। स्वतंत्रता के पश्चात राजनेताओं में स्वयं के लिए धन एकत्र करना एवं येन केन प्रकारेण सत्ता स्थापित करने के प्रयास के कारण नैतिकता धीरे-धीरे स्खलित होती गई है। नेताओं का बेईमानी और भ्रष्ट कार्य में लिप्त होना भी राजनीति में नैतिकता के पतन का प्रमुख कारण है,और यही कारण है कि आज अधिकतर भारतीय राजनेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, एवं उन पर मुकदमा भी चल रहा है। यह सर्व विदित है कि सार्वजनिक संपत्ति को अपनी स्वयं की संपत्ति बनाने की होड़ में राजनेताओं को कर्तव्य पथ से विमुख होते देखा गया है। राजनीति में राजनेताओं ने इसे संपत्ति कमाने का जरिया ही मान लिया है। सार्वजनिक संसाधनों का पूरा नियंत्रण राजनेताओं के पास होता है इसका उपयोग में अपने संसदीय, विधानसभा क्षेत्र के लिए करते हैं। इस तरह पूरे राज्य स्वदेश के संसाधनों का किसी एक क्षेत्र में निवेश करते जाते हैं, जो अनैतिकता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। राजनीति में भाई भतीजावाद एक सामान्य बहुत चर्चित लक्षण है, कोई भी राजनेता आज यह चाहता है कि योग्यता हो ना हो कोई भी बड़ा पद उसके भाई, भतीजे, पत्नी, बेटे आदि को मिल जाए, इतना ही नहीं कई बार सगे संबंधियों के अपराधी होते हुए भी राजनीतिक पद अथवा चुनावी टिकट दिलाने का प्रयास करते हैं। भारतीय राजनीति में क्रोनी कैपिटलिस्म यानी उद्योगपतियों एवं राजनीतिज्ञों का आपस में गठजोड़ को क्रोनी कैपिटलिस्म माना जाता है। इसमें उद्योगपति राजनीतिक चंदा का हवाला देते हुए राजनेताओं से देश की नीतियों को अपने पक्ष में करवा लेते हैं और इस तरह जनता का शोषण शुरू हो जाता है।

...आज का दिन...

मेष- अधूरे कार्यों की पूर्ति, व्यक्तिगत परेशानी में कमी का अहसास, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, चित्त प्रफुल्लित।

वृषभ- निराशा की स्थिति, कठिनाइयां प्रभावी, सामयिक कार्यों में अड़चनें, नवीन समस्याएँ उत्पन्न, प्रतियोगिता के क्षेत्र में असफलता, स्वयं की प्रतिभा कुंठित।

मिथुन- दिनमान अनुकूल, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, आय के स्रोत उपस्थित, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, सुख के जरूरी साधन सुलभ, प्रतिष्ठा भी।

कर्क- भाग्योन्नति हेतु नवीन आयाम, योजना साकार होने की ओर, अधिक संकट का निवारण, उपहार या सम्मान का लाभ, भोग-विलासिता की ओर रुझान, यात्रा सफल।

सिंह- परिस्थिति भाग्य के अनुरूप, वरिष्ठजनों की सलाह हितकर, धनागम का सुयोग, वैमनस्यता का समापन, कठिनाइयों में कमी का एहसास, यश में वृद्धि।

कन्या- शंका-कुशंका प्रभावी, व्यावसायिक हानि, दाम्पत्य जीवन में अशांति, आत्मीय-जनों से कष्ट, निर्णय-अनिर्णय की स्थिति, मानसिक बेचैनी, यात्रा से परेशानी।

तुला- विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु अधिक व्यय, दाम्पत्य जीवन सुखमय, हर्षोल्लास का माहौल, धन की प्राप्ति, आत्मिक शांति।

वृश्चिक- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, लाभ की स्थिति, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता, सुसमाचार की प्राप्ति से खुशी, यात्रा का प्रसंग, मन में खुशी।

धनु- नवीन कार्यों के प्रति रुचि, योजना साकार करने की दिशा में प्रयास, विनोद के अवसर सुलभ, विवाद का समापन, धर्म-कर्म में रुचि, चित्त प्रफुल्लित।

मकर- मित्रों परिजनों से तनाव, क्रोध की अधिकता, मन दुविधामय, सोचे हुए कार्य अपूर्ण, पठन-पाठन में अरुचि, अकेलेपन की अनुभूति, बढ़ते हुए खर्च से परेशान।

कुम्भ- व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, सुपरिचितों से सहयोग, भौतिक सुख के साधन उपलब्ध, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, मेल-मिलाप में अभिरुचि।

मीन- महत्वपूर्ण उपलब्धि, घरेलू समस्याएँ सुलझने की ओर, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन

भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

कांपते बदन और मिमियाती आवाज से ग्रेट शो मेन तक का सफर

- अंजनी वर्मा -

भारत में आरंभिक दौर की फिल्मों में तीन नायकों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान था। यह थे ग्रेट शो मेन के नाम से मशहूर राजकपूर, अभिजात्य तथा रूमानी शख्सियत के नायक दिलीप कुमार तथा सदाबहार अभिनेता देवानंद। इन तीनों ने अपने अभिनय की अमिट छाप भारतीय सिनेमा पर छोड़ी। इनमें राजकपूर ऐसे अभिनेता थे जिन्होंने भारतीय सिनेमा को प्रेरक और मनोरंजक फिल्में तो दी ही साथ ही उन्होंने कई करुणा भरी भूमिकाओं को भी अमली जामा पहनाया।

यह एक संयोग ही था कि राजकपूर की पहली फिल्म 'नीलकमल वर्ष 1947 में भारत की स्वतंत्रता के साथ ही आयी। यद्यपि इस फिल्म के प्रदर्शन तक राजकपूर के पिता पृथ्वीराज कपूर भी अपने पुत्र की प्रतिभा से परिचित नहीं थे। उन्होंने इस फिल्म के निर्देशक केदार शर्मा से स्वयं यह कहा था कि कांपता बदन और मिमियाती आवाज लेकर राज कितना चलेगा? पर अंततः यही कांपता बदन और थरथराती आवाज राजकपूर के साथ जुड़ गई जिसकी आज भी कई नायक नकल करने की कोशिश करते हैं। (याद कीजिये फिल्म ईश्वर के अनिल कपूर को) बाद में यही युवक इंकलाब, चित्तौड़ विजय, दिल की रानी, अमर प्रेम और जेल यात्री जैसी फिल्मों में भी आया। राजकपूर ने इन फिल्मों से इतना धन कमा लिया कि अगले ही वर्ष 1948 में तब की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री नर्गिस के साथ फिल्म बनाने की घोषणा कर दी।

'आग' राजकपूर द्वारा निर्मित और निर्देशित पहली फिल्म थी। यह फिल्म दर्शकों की भीड़ तो नहीं जुटा सकी लेकिन इस फिल्म ने राजकपूर की निर्देशकीय क्षमता को नया आयाम अवश्य दिया। यह फिल्म उस समय बन रही फिल्मों की लीक से कुछ अलग थी।

राजकपूर की पहली फिल्म की व्यवसायिक असफलता को दूसरी फिल्म 'बरसात' ने भुला दिया। इस फिल्म ने व्यवसायिक रूप से आश्चर्यजनक सफलता प्राप्त की। इस फिल्म का गीत-संगीत बेहद लोकप्रिय हुआ।इस फिल्म के गीतों की लोकप्रियता तो आज भी कायम है। संभवतः इसी फिल्म से राजकपूर ने फिल्मों के गीत-संगीत की ओर ध्यान देना प्रारंभ किया। 'बरसात' के बाद राजकपूर ने 'आवारा' फिल्म बनायी। इस फिल्म की और इसके गीत-संगीत की लोकप्रियता को तो समन्दर भी न रोक सका और रूस तथा ईरान तक इसका संगीत लोकप्रिय हुआ। कहा जाता है कि माओ त्से तुंग भी इस फिल्म को बहुत पसंद करते थे।

'आवारा' ने राजकपूर को सफलता ने नये आयाम तो दिये ही साथ ही उन्हें रूमानी भूमिका में प्रवीण अभिनेता की छवि भी प्रदान की। राजकपूर ने श्री 420, मेरा नाम जोकर, अनाड़ी, जिस देश में गंगा बहती है तथा सपनों का सौदागर में भी इसी प्रकार की छवि को बनाये रखा। आवारा की अपार सफलता ने राजकपूर को व्यवसायिक सफलता का फार्मूला भी दिया। इसी फार्मूले को राजकपूर ने बॉबी और प्रेमरोग में भी खूबसूरती से इस्तेमाल किया।

राजकपूर की फिल्मों की चर्चा नर्गिस के बिना अकल्पनीय ही है। राजकपूर द्वारा अभिनीत पहली बार निर्मित एवं निर्देशित फिल्म की नायिका नर्गिस थी। इस मशहूर जोड़ी ने कुल सोलह फिल्मों में साथ-साथ अभिनय किया। राज नर्गिस की जोड़ी पहली बार 1948 में 'आग' फिल्म में परदे पर आयी तथा 1956 में जागते रहो इस जोड़ी की आखिरी फिल्म थी। राज नर्गिस अभिनीत कुल सोलह फिल्मों में से 'बरसात', 'आवारा', 'श्री 420' और 'चोरी चोरी' सुपरहिट मानी जाती है, लेकिन शेष फिल्में बुरी तरह असफल हुई। नर्गिस के अलावा राजकपूर ने मधुबाला, निम्मी, सुरैया, मीना कुमारी और माला सिन्हा के साथ भी नायक की भूमिकायें की हैं।

नायक के रूप में राजकपूर ने लगभग 50 फिल्मों में अभिनय किया। 'आग', 'बरसात' 'आवारा' 'श्री 420', 'संगम' और 'मेरा नाम जोकर' उनके द्वारा निर्देशित एवं स्वयं अभिनीत फिल्में हैं। संगम की अपार सफलता के बाद राजकपूर ने 'मेरा नाम जोकर' बनायी जिसे घनघोर असफलता का मुह देखना पड़ा। कहा जाता है कि राजकपूर 'मेरा नाम जोकर' को अपने पुत्र की भांति मानते थे, और इस फिल्म को अपने जीवन की सबसे अच्छी फिल्म मानते थे, लेकिन शायद यह दुर्भाग्य ही था कि आम जनता को यह फिल्म पसंद नहीं आयी। मेरा नाम जोकर की असफलता से उबरने के लिये राजकपूर ने 'बॉबी' जैसी हल्की फिल्म बनायी। राजकपूर के दूसरे बेटे ऋषि कपूर को लेकर बनायी गयी इस किशोरवय की प्रेम कहानी को अपार सफलता मिली। इसके बाद राजकपूर ने 'सत्यम् शिवम् सुन्दरम् , 'प्रेम रोग' और 'राम तेरी गंगा मैली' फिल्मों का निर्देशन किया। यद्यपि इन सभी फिल्मों में तत्कालीन कुरीतियों और समस्याओं को उभारा गया था लेकिन फिल्मों की सफलता के लिये राजकपूर ने अपनी फिल्मों की नायिकाओं के सौंदर्य का भी भरपूर उपयोग लिया। बॉबी में डिंपल, सत्यम् शिवम् सुन्दरम् में जीनत अमान और राम तेरी गंगा मैली में मंदाकिनी इसके उदाहरण हैं।

हिन्दी फिल्मों के ग्रेट शो मेन राजकपूर को 'संगम', 'मेरा नाम जोकर', 'प्रेम रोग' और 'राम तेरी गंगा मैली के लिये सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का फिल्म फेयर पुरस्कार तथा अनाड़ी के लिये 1959 में और जिस देश में गंगा बहती है के लिये 1961 में राजकपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। यह एक विडम्बना ही थी कि राजकपूर अपना एक और सपना हिना पूरा नहीं कर पाये और वर्ष 1988 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार ग्रहण करने के बाद उनका आखिरी सफर आरंभ हो गया। राजकपूर का फिल्मी सफर चालीस वर्ष तक चला। 1947 से लेकर 1988 तक वे फिल्मी दुनिया में सतत् गतिशील बने रहे। यहीं कारण था कि वे एक महान शो मेन के रूप में भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी लोकप्रिय हो गये। राजकपूर ने अपने फिल्मी जीवन में जो कुछ दुनिया को दिया वह अविस्मरणीय है।

कपूर परिवार के अभिनय का सिलसिला पृथ्वीराज कपूर (राजकपूर के पिता) से आरंभ हुआ, फिर राजकपूर, शम्मी कपूर, शशि कपूर से होता हुआ रणधीर, ऋषि और राजीव कपूर तक पहुंचा। राजकपूर की पोतियों करिश्मा कपूर और करीना कपूर ने इसे आगे बढ़ाया और अब कपूर परिवार से अभिनय की कमान ऋषि कपूर के पुत्र रणबीर कपूर संभाले हुए हैं। यद्यपि राजकपूर के वंशजों को राजकपूर जैसी सफलता अर्जित करने के लिये कड़ा संघर्ष करना होगा, लेकिन यह सिलसिला तो चलता ही रहेगा राजकपूर के शब्दों में शो मस्ट गो ऑन।

(विभूति फीचर्स)

आत्मनिर्भरता स्वाभिमानी राष्ट्र का गौरव और आनंद

"पराधीन सपने हूं सुख नाही" यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बनाने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है।

एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि "एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं",पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस, इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज, स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर दीक्षित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी। हमारा देश भारत भी आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है। महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे।

गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी "दैव दैव आलसी" पुकारा है, तब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई और हमें परिश्रम कर आत्म निर्भर होने की शिक्षा प्रदान की थी। दूसरों पर निर्भरता हमें दूसरों का अनुसरण करने के लिए मजबूर करती है। दूसरों पर निर्भर होने से हमें के अनुरूप ही जीवन जीने के लिए बाध्य होना पड़ता है। पराधीनता हमारा आत्मविश्वास सृजनशीलता सोचने की शक्ति को नष्ट कर देती है। गुलामी एक अभिशाप होती है, आत्मनिर्भरता की कमी हमें किंकर्तव्यविमूढ़ बना देती है।

दूसरों की कृपा पर जीने वाला व्यक्ति जीवन के अक्षय आनंद से वंचित रहता है। खुद के परिश्रम श्रम से आगे बढ़ने वाला देश या व्यक्ति या समाज सदैव प्रफुल्लित आत्म विश्वासी तथा विकास की ओर सदैव अग्रसर रहता है। हमें सदैव अपने अंदर के आत्मविश्वास, छिपी हुई क्षमताओं मनोबल का सहारा लेकर आत्मनिर्भर या स्वावलंबी बनने का प्रयास हमेशा करते रहना चाहिए। ऐसा करने से मनुष्य को मनुष्य होने का अधिकार प्राप्त होता है। पराधीन देश सामान्य व्यक्ति सदैव पशु तुल्य होते हैं। जिनका अपना कोई विचार या व्यक्तित्व नहीं हो सकता है। कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता -

राम सहायक उनके होते,
जो होते हैं, आप सहायक,
हम सबको स्वयं पर भरोसा रखना आत्मबल बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर होने की प्रेरणा देती रहती हैं।

संजीव ठाकुर, स्तम्भकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009415415

चंदौली

रेलवे स्टेशन से एक अन्तर्राजीय शातिर चोर गिरफ्तार

जेवर, 42500 रुपये नगद और मोबाइल बरामद

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने एक चोर को पकड़ा। आरोरी के पास से 4 चोरी के मोबाइल फोन, कीमती आभूषण व 42500 रुपये नगदी बराम किये। चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जीआरपी प्रभारी सुनील कुमार सिंह और आरपीएफ इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार रावत स्टेशन पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान प्लेटफॉर्म नंबर नं0 1/2 के पश्चिम दिशा की तरफ दिल्ली इण्ड पर स्थित शहीद बाबा मजार से 35 से 40 कदम दूरी पर एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा।

पुलिस ने युवक को दौड़कर पकड़ लिया। तलाशी में आरोपी के पास से 4 मोबाइल फोन भिन्न- भिन्न कम्पनी व रंग के चालू हालत में, 42500/रूपये नगद, एक जोड़ी सफेद धातु की पायल, छोटे बच्चे का एक जोड़ी कपड़ा सफेद धातु मिले। पूछताछ में पता चला कि आरोपी नारायण डोम निवासी मानसनगर तालाब के पास गैस गोदाम के पास झोपड़पट्टी थाना अलीनगर जिला चन्दौली बताया। इस सम्बंध में जीआरपी प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी एक अन्तर्राजीय शातिर चोर हैं जो कि थाना स्थानीय पर पूर्व मे पंजीकृत चोरी के 8 मुकदमों दर्ज हैं और यह ट्रेन में यात्रियों का सामान चोरी करता हैं। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

पेड़ से लटका मिला अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव

तरूणमित्र न्यूज

चकिया,चंदौली। रविवार की दोपहर जब आसमान साफ़ था, हवा में जून की तपिश थी और गांव के बच्चे चरागाह की ओर निकल चुके थे- ठीक उसी वक्त, नौगढ़ थाना क्षेत्र के देवखत ग्राम पंचायत के कर्माबांध गांव के समीप सुरहुरिया पहाड़ी से आई एक दिल दहला देने वाली सूचना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया।

एक लाश... पेड़ से लटकती हुई... सड़ी-गली... पहचान से परे चरवाहों की नजर जब एक पेड़ की ऊंचाई पर लटकते शव पर पड़ी, तो घबराहट और डर के बीच उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। नौगढ़ और औरवाटांड़ को जोड़ने वाले इस मार्ग पर ऐसी वीभत्स तस्वीर ने न सिर्फ स्थानीय ग्रामीणों की रूह कंपा दी, बल्कि एक अनकही दास्तान को भी जन्म दे दिया।

आखिर ये आदमी कौन था? उसकी गलती क्या थी? क्या ये आत्महत्या थी या फिर किसी गहरी साजिश का हिस्सा? पुलिस पहुंची मौके पर जांच शुरू सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रमेश यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव की स्थिति देखकर अंदाज़ा लगाया गया कि यह मौत कई दिन पहले हुई है। शव बुरी तरह सड़ चुका था, जिससे पहचान कर पाना लगभग असंभव था।

उम्र करीब 50 वर्ष बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव ने कहा शव की स्थिति गंभीर है। हमारी टीम शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। आसपास के थानों को सूचना दे दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्थिति साफ़ होगी।

अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर किया गया याद

पाल समाज ने दिखाई एकता दी श्रद्धांजलि



तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में पाल विकास समिति चंदौली द्वारा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्र उदय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूराम पाल रहे, जिन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि पाल समाज अब अपनी राजनीतिक भागीदारी स्वयं तय करेगा।

उन्होंने ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने अपने शासनकाल में गरीबों, जरूरतमंदों और समाज के सभी वर्गों के साथ समानता का व्यवहार किया। उन्होंने नारी सशक्तिकरण, शिक्षा, कला, संस्कृति और धार्मिक स्थलों के निर्माण व संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने मालवा क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता स्थापित कर एक आदर्श शासिका के रूप में उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्र उदय पार्टी के चंदौली जिलाध्यक्ष दीपराज पाल ने की। इस अवसर पर पाल विकास समिति के अध्यक्ष राम बचन पाल सहित समाज के कई प्रमुख चेहरे उपस्थित रहे।

समारोह में डॉ. संजय पाल, महेंद्र पाल, राधेश्याम पाल, रामचंद्र पाल, मुखराम पाल, राम लखन पाल, बंटी पाल, रामबिलास पाल, दिनेश पाल, रोहितास पाल (जिला महासचिव, केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन) सहित बड़ी संख्या में पाल समाज के लोगों ने भाग लिया।

चकिया में भोर का खूनी मंजर, डंपर पर टूटा मौत का पेड़

तरूणमित्र न्यूज

चकिया,चंदौली। भोर के तकरीबन 3.00 बजे का समय था। पूरा इलाका शांत था, पक्षियों की चहचहाहट भी अभी दूर थी। लेकिन तभी लतीफशाह रोड पर एक तेज़ आवाज़ गूंजी... और चुप्पी छा गई। निबीया ढाले के पास जो हुआ, उसने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया।

चोपन (सोनभद्र) के पारस पानी गांव का रहने वाला मानसिंह गोंड, जो एक मेहनती डंपर चालक था, अपने जीवन की आखिरी यात्रा पर निकला था। डंपर संख्या (UP...) को तेज़ी से चलाते हुए वो लतीफशाह की ओर बढ़ रहा था कि अचानक संतुलन बिगड़ा, और डंपर एक विशालकाय पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि पेड़ डंपर पर ही गिर पड़ा, जिसके कारण डंपर के परखच्चे उड़ गए। सामने से गुजरने वाले लोग ठिठक गए, कुछ की आंखों से आंसू बह निकले। और उस खौफनाक मंजर के बीच, मानसिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कुदरत का क्रूर मज़ाक या लापरवाही का नतीजा? यह सवाल हर किसी के मन में है। तेज़ रफ्तार, रात का समय और सड़क किनारे खड़ा जर्जर पेड़- क्या ये हादसा रोका जा सकता था? क्या वन विभाग और प्रशासन समय रहते सड़क किनारे खतरे बन चुके पेड़ों को नहीं हटा सकता? मौके पर पहुंची पुलिस और वन विभाग*जैसे ही सूचना मिली, चकिया पुलिस और वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। तुरंत JCB मशीन मंगवाकर पेड़ को हटाने का काम शुरू किया गया ताकि अवरुद्ध रास्ते को खोला जा सके। पर सवाल ये है कि क्या मानसिंह की जान बच सकती थी, अगर पहले ही ये पेड़ काटा गया होता?

गंगा किनारे मिला अधेड़ का सड़ा-गला शव

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के रौना गांव स्थित गंगा नदी के किनारे रविवार सुबह एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का सड़ा-गला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह टहलने और रेत पर दौड़ने निकले युवकों ने शव देखकर तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

वहीं शिनाख्त में जुटी रही। कोतवाल गगनराज सिंह पुलिस टीम और फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे। प्राथमिक जांच में यह शव लगभग एक सप्ताह पुराना प्रतीत हो रहा है। शव की स्थिति अत्यंत खराब थी-हाथ-पंजा, पैर का कुछ हिस्सा और चेहरा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था, जिससे पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है। मृतक ने एक टी-शर्ट और गले में माला पहन रखी थी, जो उसकी पहचान में मदद का एकमात्र आधार हो सकता है। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के थानों में लापता व्यक्तियों की जानकारी खंगाली जा रही है। पुलिस ने मामला संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है और आशंका जताई जा रही है कि शव गंगा में कहीं और से बहकर आया हो सकता है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

बहन द्वारा भाई का मकान कब्जा करने का आरोप

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। मुगलसराय के सुभाष नगर के गोडिया मठ स्थित एक विवादित मकान में पानी को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट जिससे एक महिला घायल हो गई। बताया जाता है कि एक बहन ने अपने भाई का मकान कब्जा कर रखा है।जब की उक्त बहन का अपना निजी मकान पटेल नगर में है।

लालच व सीधे साधे अपने वृद्ध भाई के मकान को कब्जा करने की नियत से फर्जी बैनामा ले रखा है। वृद्ध विजय कुमार ने बताया कि मेरे मकान में मेरी लड़की सुरभि व दामाद राहुल सचदेवा मेरे साथ रहकर मेरी देख भाल करते हैं?। मेरे घर में जबरदस्ती रह रही मेरी बहन वह उनके लड़कों द्वारा आज पानी को लेकर कहां सुनी हो गई उसके बाद मेरी बहन के लड़कों ने मेरी बेटी वह दामाद से मारपीट कर थाने में बंद कराने की बात करने लगे। मामला पहुंचा थाने पीड़ित राहुल सचदेवा द्वारा बताया गया कि पहले भी हमारे ऊपर फर्जी मुकदमा कर फसाया गया। आए दिन विवाद कर थाने की धमकी दी जाती है।

और आज सुबह पानी के विवाद को लेकर हमारी वाइफ सुरभि सचदेवा को दूसरे पक्ष द्वारा मारकर कपड़े फाड़ दिए गए किसी छुट भैया नेता के शह पर पहले भी मुकदमा पीड़ित पर करवाया गया है। पुलिस जांच में जुटी है?।

सितंबर तक पूरा होगा रोप-वे का काम : अजय टम्टा

वाराणसी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने कहा है कि रोप-वे स्टेशनों का निर्माण सितंबर तक पूरा हो जाएगा। कुल 3.85 किमी लंबे प्रोजेक्ट में 83 प्रतिशत काम अब तक पूरा हो चुका है। देश का पहला अर्बन रोप-वे परिवहन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मंत्रालय की ओर से केदारनाथ और हेमकुंड साहिब पर भी रोप-वे प्रोजेक्ट चल रहे हैं।

वह शनिवार को रोप-वे के काशी विद्यापीठ और रथयात्रा स्टेशनों के निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रोप-वे से एक घंटे में तीन हजार यात्री सफर कर सकेंगे। एक दिन में एक लाख लोगों को ले जाने की इसकी क्षमता है। यह वाराणसी ही नहीं बल्कि देश के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले कार्यदायी संस्था नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) की प्रोजेक्ट डायरेक्टर पूजा मिश्रा ने उन्हें अब तक की प्रगति से अवगत कराया। राज्यमंत्री ने कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और पूरी पारदर्शिता से पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एनएचएलएमएल के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर प्रकाश गौड़ भी मौजूद रहे। इसके बाद केंद्रीय राज्य मंत्री ने रामनगर में बन रहे मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क का भी निरीक्षण किया।

रिंग रोड पर आज से चलेंगे हल्के वाहन - केंद्रीय राज्यमंत्री ने रिंग रोड फेज-2 के पैकेज-2 की मॉनीटरिंग की - वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या में एनएचएआई के प्रोजेक्ट की प्रगति ठीक मिली वाराणसी, कार्यालय संवाददाता। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने कहा कि रिंग रोड के फेज-2 के पैकेज-2 से रविवार से दोपहिया और चार पहिया वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। फिलहाल गंगा पुल की एक साइड (तीन लेन के दाहिने छोर) से गाड़ियां जाएंगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। वह शनिवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। इससे पहले राज्यमंत्री ने एनएचएआई की ओर से बन रहीं सड़कों की प्रगति की मॉनीटरिंग की। उन्होंने पाया कि सभी रिंग रोड पर बन रहे गंगा पुल समेत वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज आदि जगहों पर प्रोजेक्ट ठीक गति से चल रहे हैं। हालांकि राज्यमंत्री ने परियोजनाओं में और तेजी लाने के निर्देश दिए। एक-दूसरे से जुड़ जाएगा रिंग रोड नेटवर्क संदहा से रेवासा तक 27.27 किलोमीटर लंबे रिंग रोड फेज-2 का पैकेज-2 बन रहा है। एनएचएआई ने अप्रैल से इस पर वाहनों का आवागमन शुरू कराने का दावा किया था, लेकिन गंगा पुल पर फिनिशिंग आदि का कार्य शेष रहने से यह सम्भव नहीं हो पाया। 949 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे पैकेज-2 प्रोजेक्ट से लगभग 61 किलोमीटर लम्बे रिंग रोड नेटवर्क एक-दूसरे से जुड़ जाएगा। लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर, प्रयागराज की ओर से चंदौली, बिहार, पश्चिम बंगाल जाने वाले वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं करना पड़ेगा।

सुकुलपुरा की महिलाओं ने प्रभारी मंत्री से मांगा शुद्ध पेयजल

वाराणसी। प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने शनिवार को गुरुधाम स्थित प्रधानमंत्री के संसदीय जनसम्पर्क कार्यालय में जनसुनवाई की। ढाई घंटे की जनसुनवाई में ज्यादातर सीवर, मकान निर्माण, पेयजल, पुलिस और दबंगों की ज्यादती से आजिज लोग पहुंचे थे, जिन्होंने मंत्री के माध्यम से प्रधानमंत्री से गुहार लगाई। इस दौरान सुकुलपुरा की किरण, सुशीला, कुमारी, रामा, लालमणि आदि दर्जनभर महिलाओं ने क्षेत्र में पेयजल की समस्या के समाधान की मांग की। सुरेश खन्ना ने फोन से नगर आयुक्त को तत्काल समाधान का निर्देश दिया। शिवपुरवा के वीरेंद्र प्रताप सिंह गौतम ने पड़ोसी पर मकान निर्माण में बाधा पहुंचाने की शिकायत की तो मंत्री ने सिगरा थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। काशीपुरा की ममता केशरी ने अपने पति और भाजपा के पूर्व महानगर उपाध्यक्ष अम्बरीष केशरी पर पट्टीदारों और दबंगों द्वारा जानलेवा हमले से बचने के लिए सुरक्षा उपलब्ध कराने की गुहार लगाई। स्वामी भास्करानंद समाधि स्थल आनंद पार्क के सेवईत स्वामी चरण मिश्र ने पार्क की चहारदीवारी ऊंची करवाने, अतिक्रमण मुक्त कराने और पुजारी आवास का निर्माण करने के लिए ज्ञापन सौंपा। लगभग 55 मामले मंत्री के सामने आए। इसमें दरोगा से लेकर डीएम, एसडीएम आदि को समाधान के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास से यह सुअवसर प्राप्त हुआ कि जनता यहां जनसुनवाई में आती है और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाता है।

मानसिक अस्पताल में एक घंटे ठप रही ओपीडी

वाराणस। पांडेयपुर स्थित मानसिक अस्पताल में चीफ अटेंडेंट के साथ मारपीट के मामले में कर्मचारियों ने शनिवार को एक घंटे तक ओपीडी ठप कर दी। मुख्य गेट पर ताला लगा दिया। इससे मरीज परेशान होते रहे। कर्मचारियों का आरोप था कि पुलिस मुकदमा नहीं लिख रही है। बाद में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया तो ओपीडी सेवा बेहाल हुई। मानसिक अस्पताल के चीफ अटेंडेंट प्रमोद कुमार पर अज्ञात हमलावरों ने टकटकपुर में हमला कर दिया था। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कर्मचारियों का आरोप है कि शिवपुर पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर रही थी। शनिवार सुबह आठ बजे ओपीडी में मरीज डॉक्टरों से परामर्श के लिए खड़े थे। इस दौरान कर्मचारी आए और ओपीडी कक्ष पर ताला लगा दिया। करीब नौ बजे तक ओपीडी ठप रही। मानसिक अस्पताल के निदेशक डॉ. सीपी मल्ल ने समझाया और पुलिस से बात की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद ओपीडी बहाल हो सकी। तीन अज्ञात पर दर्ज हुआ मुकदमा वाराणसी। मानसिक अस्पताल के चीफ अटेंडेंट प्रमोद कुमार चौबे पर हमले के मामले में कैंट पुलिस ने तीन अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके पहले 24 घंटे तक कैंट और शिवपुर पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। कर्मचारियों ने जब विरोध किया तो कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

अहिल्याबाई ने बदली थी पितृसत्ता परंपरा

वाराणसी। प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास ने कहा कि हजार वर्षों से चली आ रही पितृसत्ता परंपरा बदलने का जो साहस अहिल्याबाई ने दिखाया, वह आज लाखों महिलाओं को प्रेरणा दे रहा है। नारियां कभी किसी से कम नहीं रहीं, चाहे वह किसी भी क्षेत्र में हों।

वह शनिवार को सिगरा स्थित अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर रुद्राक्ष में अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती उत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से आयोजित विशेष व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 'दुहिता का अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि जो दो कुलों को जोड़े और एक साथ संभालकर चले, वही दुहिता है। जिन महिलाओं को पाकिस्तान ने नीचा दिखाया था, उन्हीं महिलाओं को सामने खड़ा करके हमने दिखा दिया कि हमारे देश की महिलाएं किसी से कम नहीं है। इस दौरान उन्होंने मैं काशी हूं... गीत गाया तो लोग तालियां बजाकर उनका समर्थन करने लगे। बनारस की गलियों-चौराहों पर फक्कड़ अंदाज में घूमती लेकिन अलंकृति विभूतियों के जिक्र से लेकर अस्सी के पप्पू की अड़ी, लंका की ललकार को अपनी पंक्तियों से याद किया। इसी क्रम में भारत के रत्न कहते हैं- 'मेरी मिट्टी के कुछ जाए, हर चौराहे पर पद्मश्री, पद्मविभूषण मिल जाए। जिसको हो ज्ञान गुमान यहां, लंका पर लंका लगवाए, दुनिया है जिसके ठेंगे पे, पप्पू की अड़ी पर आ जाए... पर खूब ठहाके लगवाए। इसके बाद गोदौलिया की ठंडई से चूकता हुआ रांड़, सांड़, सीढ़ी के दर्शन पहुंचे। गीत में भारतेंदु, प्रसाद, प्रेमचंद, बेढब बनारसी का स्मरण किया। महामना के गुरुकुल, लाल बहादुर शास्त्री, राजर्षि उदय प्रताप के साथ बिना नाम लिए नरेंद्र मोदी से काशी के वर्तमान को जोड़ा। सबसे आगे बैठने वाले को आराम करना गलत डॉ. कुमार विश्वास ने परंपराओं और महिला सशक्तीकरण पर विचार साझा करते हुए कहा कि काशी में सबसे आगे बैठने वाले को आराम करना गलत है, क्योंकि पंक्ति में सबसे पीछे बैठने वाला भी यहां भारत रत्न निकल सकता है।

उन्होंने मराठा साम्राज्य की महान शासिका अहिल्याबाई होल्कर को याद करते हुए कहा कि आज के स्कूलों में बच्चों को उनके बारे में कम जानकारी है, लेकिन जो अभियान उनके नाम और काम को पुनर्जीवित करने के लिए चलाया जा रहा है। वह आने वाले समय में बहुत लाभदायक सिद्ध होगा। मालवा और काशी के बीच सांस्कृतिक समानताओं पर कहा कि मालवा का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप काशी जैसा ही है। यही कारण था कि मालवीय परिवार ने काशी को अपना निवास स्थान बनाने का निर्णय लिया था। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजय राहाटकर ने कहा कि अहिल्याबाई सभी गुणों का समुच्चय थीं। वाराणसी और अहिल्याबाई का रिश्ता सबसे गहरा है। उनकी जयंती का उत्सव काशी में मनाना गर्व की बात है। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वालीं नारी शक्ति, पद्मश्री और पदमविभूषण से अलंकृत लोगों को भी सम्मानित किया गया।

ज्ञानवापी : वादमित्र हटाने के लिए एक और अर्जी दाखिल

वाराणसी। सिविल जज (सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक) भावना भारती की अदालत में ज्ञानवापी के वर्ष 1991 के मूल वाद में तीन बहनों की पक्षकार बनाने की अर्जी पर शनिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अर्जीकर्ता बहनों ने वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी को हटाने के लिए एक अर्जी दाखिल कर सुनने की गुहार लगाई।

जबकि इसी अदालत में पूर्व से अनुष्का तिवारी की ओर से वादमित्र को हटाने संबंधित प्रार्थना पत्र लम्बित है। जिस पर सुनवाई चल रही है। एफटीसी कोर्ट ने पहले पक्षकार बनाने की अर्जी पर सुनवाई शुरू करने के लिए कहा, जिस पर वादी अधिवक्ता वादमित्र को हटाने की अर्जी पर सुनवाई के लिए अड़ गये। इसको लकेर कोर्ट में पीठासीन अधिकारी और अधिवक्ताओं के बीच में जिच चलती रही। कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई के लिए सात जुलाई की तिथि नियत की है। कोर्ट में मूल वाद में वादी रहे स्व. हरिहर पांडेय की तीन बेटियों मणिकुंतला तिवारी, नीलिमा मिश्रा और रेनू पांडेय की ओर से कोर्ट में बहस चल रही है। जिसके विरोध में वाद मित्र, अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी और सुन्नी वक्फ बोर्ड की ओर से दलील दी जा चुकी है। शनिवार को तीनों बहनों की ओर से अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव को जवाब देना था। इसी बीच में वादी की ओर से वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी को हटाने से सम्बंधित अन्यत्र प्रार्थना पत्र देकर सुनने की मांग की गई थी।

तपिश ने किया बेहाल, पारा 41 पार

वाराणसी। सूरज की तल्खी और मौसम में आर्द्रता तेजी से बढ़ने लगी है। बनारस में दिन के साथ ही रात भी तप रही है। दिन का तापमान 41 के पार पहुंच गया है। शनिवार को बनारस प्रदेश में पांचवा सबसे गर्म जनपद रहा। मौसम विभाग के अनुसार 3 जून को बूंदाबादी के आसार दिख रहे हैं। सुबह तेज धूप निकली थी। दिन चढ़ते ही तापमान बढ़ रहा था। ऐसे में दिन में तपिश ने लोगों को बेहाल किया। दिन का तापमान सामान्य से 0.6 डिग्री ज्यादा 41.1 और रात का तापमान सामान्य से 2.2 डिग्री ज्यादा 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात का तापमान भी लगातार बढ़ रहा है। यही वजह कि देर शाम तक हल्की तपिश महसूस होती रही।

स्पेशल ट्रेन का एसी फेल, यात्रियों का हंगामा

वाराणसी। बनारस-एलटीटी स्पेशल ट्रेन का एसी फेल होने से नाराज यात्रियों ने शुक्रवार की देर रात कैंट स्टेशन पर हंगामा किया। आरपीएफ इंस्पेक्टर संदीप कुमार यादव ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। इस दौरान ट्रेन लगभग दो घंटे तक प्लेटफार्म पर खड़ी रही। एसी मरम्मत के बाद ट्रेन रवाना हुई। बनारस स्टेशन से चलकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) तक जाने वाली गाड़ी संख्या-01054 समर स्पेशल ट्रेन शुक्रवार की देर रात 1.20 बजे कैंट स्टेशन पहुंची। ट्रेन की वातानुकूलित बोगी बी -2, बी -3 और बी -4 में एसी काम न करने से यात्री उबल उठे। पूरी तरह से पैक बोगी में वेंटिलेशन न होने से उन्होंने दम घुटने की भी शिकायत की।

इसकी सूचना रेलकर्मियों को दी गई। इसके बावजूद सुनवाई नहीं हुई तो नाराज यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोक दी। मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने फाल्ट खोजने का प्रयास किया। दो घंटे बाद एसी की मरम्मत हो सकी। आरपीएफ इंस्पेक्टर के समझाने पर सभी यात्री वापस ट्रेन में बैठ गए। ट्रेन भोर में 3.33 बजे रवाना हुई।

अबकी बराई गांव में दिखा तेंदुआ

वाराणसी। हिटी चिरईगांव ब्लाक के बराई गांव में शुक्रवार रात में तेंदुआ दिखाई देने से लोगों में हड़कंप है। गांव के सिवान में शनिवार सुबह कई जगहों पर उसके पदचिह्न भी मिले। बराई गांव लखरांव से दो किमी पहले रिंग रोड से सटा है। सबसे पहले तेंदुआ लखरांव में ही दिखा था। इस कारण बराई में भी लोग सहमे हैं।

उन्होंने अंधेरे में खेतों की ओर जाना छोड़ दिया है। इस बारे में डीएफओ स्वाति ने बताया कि सूचना मिलते टीम को मौके पर भेज दिया गया था। टीम दिन रात निगरानी कर रही है। पैरों के निशान से तेंदुआ की पहचान की जा रही है। पूरा विभाग सर्तक है। गांव के राहुल पाण्डेय के घर के पीछे गुलाब के फूल और सब्जियों का खेत है। शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे वह अपने मकान की छत पर टहल रहे थे। खेत से उन्हें कुछ आहट सुनाई दी। देख तो तेंदुआ था। राहुल ने तेंदुए का वीडियो बनाया। उन्होंने तत्काल इसकी चिरईगांव पुलिस चौकी प्रभारी रोहित सिंह को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। राहुल का आरोप है कि वन विभाग को भी सूचित किया था। वन विभाग की टीम लगभग चार घंटे बाद मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को पैरों के निशान दिखाए। क्षेत्रीय रेंजर संजय कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में मिले निशान किसी अन्य जानवर के लग रहे हैं। सुरक्षा की दृष्टि से बराई गांव, चिरईगांव, गौरा कला और शंकरपुर गांवों में लगातार कांबिंग की जा रही है। फिलहाल तेंदुए के मौजूदगी की पुष्टि नहीं हो पाई है।

वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की है। तेंदुआ आठ घंटे छिपा रहा, वन विभाग नहीं पकड़ सका एक सप्ताह पहले तेंदुआ लखरांव गांव में दिखा था। उस वक्त तेंदुआ एक जगह पर लगभग आठ घंटे तक छिपा रहा, लेकिन वन विभाग उसे पकड़ नहीं सका। उसके दो दिन बाद से वन विभाग का दावा था कि तेंदुआ जहां से आया था वहां चला गया।

अब बराई गांव में दोबारा तेंदुआ दिखने से वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। कैबिनेट मंत्री ने घायलों का जाना हाल मंत्री अनिल राजभर शनिवार को तेंदुआ हमले में घायल लोगों से मुलाकात की। उन्होंने जिला चिकित्सालय में भर्ती गौरा कला के लखरांव निवासी जयदेव राजभर एवं सुनील राजभर से हालाचाल जाना। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उसके बाद चिकित्सालय से डिस्चार्ज शंकरपुर नवापुरा निवासी प्रदीप मौर्य और उसके परिजनों से घर पहुंच कर मुलाकात की। परिजनों को आर्थिक मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर मंत्री के प्रतिनिधि संजय सिंह, गौरव सिंह, नवीन मिश्रा, काश राजभर, श्रवण कुमार मिश्रा थे।

लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

मुंगराबादशाहपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने परीक्षा देने गई एक लड़की को बहला फुसला कर कही भगा ले गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में एक लड़की के परिजनो ने लिखित तहरीर में बताया है कि उनके घर की लड़की सुबह करीब 10 बजे स्कूल में परीक्षा देने गई थी और वहां से वह जब वापस नहीं आई तो परिजनों ने नात रिश्ते सहित आस पड़ोस में हर संभव स्थान पर पता लगाए जिसका कुछ पता नहीं चला। बाद में परिजनों को पता लगा कि मुंगराबादशाहपुर नगर के एक वार्ड का निवासी मंगेश कुमार पुत्र राम चरन उसे कही बहला फुसला कर भगा ले गया है। परिजनों की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। इस संबंध मे प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है कार्रवाई की जा रही है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय पर समर कैंप का आयोजन

जलालपुर। ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालयों और कम्पोजिट (6-8)विद्यालयों में (21 मई से 10 जून) खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालयों में कैंप का संचालन प्रधानाध्यापको की देख - रेख में किया जा रहा है।. प्रशिक्षक (केंद्र संचालक) के रूप में तैनात शिक्षामित्र और अनुदेशक 7 से 10 कैंप में विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं।. पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुकुढीपुर में प्रधानाध्यापक डॉक्टर गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि समय से विद्यालय खुल जाता है। प्रधानाध्यापक द्वारा छात्रों को उपस्थित कराया जाता है.। कैंप में योगासन, प्राणयाम, व्यायाम, सूर्य नमस्कार के साथ-साथ गायन, वादन क्राफ्ट कार्य, कंप्युटर, कैरियर काउंसिलिंग सहित विभिन्न गतिविधियां करायी जा रही हैं.। बच्चे बड़े उत्साह से कैंप में सहभाग कर रहे हैं.। कैंप में पानी और सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन की व्यवस्था की गयी है.। विकास क्षेत्र जलालपुर के विभिन्न विद्यालयों कंपोजिट वीवनमऊ, कम्पोजिट त्रिलोचन, कम्पोजिट दुबेपुर, कंपोजिट ओईना, लोहगाजर, लालपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय इस्मैंला शीतल प्रसाद, बराई, छातीडीह कंपोजिट, रामपुर, नाहर पट्टी, नेवादा आदि विद्यालयों में समर कैंप का सफल आयोजन किया जा रहा है.।

तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

मुंगराबादशाहपुर। स्थानीय पुलिस ने एक देशी तमंचा कारतूष 12 बोर के साथ सुरजा का पूरा के पास से रविवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मुंगराबादशाहपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त धीरज पटेल पुत्र राम अभिलाख पटेल निवासी रामपुर थाना मुंगराबादशाहपुर जौनपुर को एक देशी तमन्चा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ ग्राम सूरजा के पूरा के पास से पुलिस हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 0134/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर में पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह, उ0नि0 ज्योति प्रकाश चौबे, का0 अनूप कुमार, का0 मुन्ना चौहान शामिल रहे।

लासा गांव में पांच लाख की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

मीरगंज। लासा गाँव मे बीती रात चोरो ने घर के अन्दर घूसकर डेढ लाख नगदी सहित लाखो का आभूषण चुरा ले गये सुबह जगने पर मकान मालिक को चोरी की जानकारी हुई मौके पर पहुची डायल 112 पुलिस ने मीरगंज पुलिस को सूचना दी मीरगंज पुलिस मौके पर पहुच कर जांच मे जुट गयी है। मीरगंज थाना के लासा गाँव मे लाल जी तिवारी उर्फ लाली अपने मकान के बाहर सोये हुए थे उनकी पत्नी बगल के आवास मे सोई हुई थी चोर मेन दरवाजा से अन्दर घूस कर घर के अन्दर कई कमरो का ताला तोड़कर पांच बडी लोहे की पेटी

घर पीछे ले जाकर तोडकर उसमे रक्खा आभूषण व नगदी चुरा लिया। मकान मालिक के अनुसार लगभग डेढ लाख नगद व आभूषण मे एक बडा सोने का मंगलसूत्र, छोटा सोने का मंगलसूत्र चांदी का पायल, चांदी की बिछीया चांदी का छागल, कान का सोने आयरन, चांदी का कमरकर्धन चुरा ले गये लगभग 5 लाख की चोरी हुई है। सूबह घटना की जानकारी होने पर डायल 112 पुलिस को सूचना दी गयी सूचना मिलने पर हल्का पुलिस व थानाध्यक्ष विनोद अंचल मौके पर पहुच कर जांच मे जुट गए है।

भाकियू ने किसान पंचायत कर शासन को किया आगाह

जंघई। भारतीय किसान यूनियन कार्यालय जंघई जौनपुर पर राजनाथ यादव प्रदेश सचिव भारतीय किसान यूनियन उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता मे किसान पंचायत का आयोजन किया गया इस मौके पर किसानो की समस्या पर चर्चा करके शासन को निस्तारण कराने के लिए आगाह किया गया। किसान पंचायत को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव राज नाथ यादव ने कहा कि इस समय किसानों को सरकार द्वारा हर सुविधा सही ढंग से नहीं मिल पा रहा है खेती के लिए समय पर किसानों को खाद बीज बिजली नहीं मिल पा रहा है किसानों को फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है तहसील मछली शहर ब्लॉक मुंगरा बादशाहपुर के अंतर्गत ग्राम सभा सेमरी में भू माफिया लोग किसाने की जमीन जबरी हड़प रहे हैं कुछ लेखपाल भी भू माफियाओं का साथ दे रहे हैं जिलाधिकारी के आदेशों का सही ढंग से कुछ लेखपाल

किसान पंचायात में शामिल राजनाथ यादव समेत अन्य।

पालन नहीं कर रहे हैं कहीं-कहीं तो भू माफिया लोगों का विरोध करने पर भू माफिया लोग किसानों को जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं माफिया लोग राजस्व और पुलिस विभाग को मिलाकर रखे हैं जिसके कारण भू माफिया मनमानी काम कर रहे हैं अंत में सचिव ने कहा कि सभी किसान मिलकर के वर्तमान समय समय के अनुसार भू माफिया और दलालों के विरुद्ध एक आंदोलन चलाने की आवश्यकता है तभी हम सब अपनी सुरक्षा कर सकते हैं। इस मौके पर राजबली यादव एडवोकेट, गंगा प्रसाद यादव रोहित गौड़ नितिन, प्रवीण मौजूद रहे।

समाज को संगठित करने की मशीन थे कालूराम : दुर्गा प्रसाद साहू

शोक सभा में भाग लेते लोग।

बदलापुर। परिवर्तन समाज पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने कन्हापुर बरईपार में लालता प्रसाद साहू के आवास पर उनके अग्रज कालूराम साहू के निधनपर एक शोक सभा का आयोजन किया।जिसमें पसपा के कई जिलों के सामाजिक एवं राजनैतिक कार्यकर्ताओं नेउपस्थिति दर्ज करवाते हुये कालूराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।ततपश्चात शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दोमिनट का मौन रखकर मृतक के आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। पसपा के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साहू ने कहा कि कालू राम साहू की विचार धारा समाज को एक सूत्र में पिरोने को लेकर थी। वे समाज को संगठित करने की मशीन थे। गाजीपुर विधायक जयकिशन साहू ने उनके साथ बिताये गये पल के याद को साझा करते हुये कहा कि कालू राम जी का समाज के प्रति समर्पण वाकई काबिले तारीफ था। उनके जाने के बाद उनका अधूरा काम अब अनुज लालता प्रसाद को पूरा करना पड़ेगा। श्रद्धांजलि के दौरान पसपा के प्रदेश प्रवक्ता धर्मचंद गुप्ता व विजय कुमार गुप्ता, पूर्व प्रधानाचार्य कल्पनाथ गुप्ता, हावड़ा साहू समाजअध्यक्ष रामेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गया प्रसाद साहू, संतोष कुमार गुप्ता, प्रदेश प्रभारी डा. नीरज स्वामी, पूर्व अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, राष्ट्रीय महासचिव सतीश गांधी भदोही, ननकऊ साहू, समोद कुमार गुप्ता, प्रवक्ता डा. संतोषकुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मुंगरा शिवगोविंद साहू, साहू समाज प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, प्रखरवक्ता व नेत्री सुश्री माया साहू, जिलाध्यक्ष गाजीपुर अभिषेक साहू, साहू क्लब के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्त, मीडिया प्रभारी सत्यनारा यण गुप्ता, छोटेलाल साहू, राम आसरे साहू, छोटे लाल साहू, प्रेमचंद साहू, बटेश्वर नाथ साहू, सुनील कुमार साहू, रतन लाल एडवोकेट, विशेश्वरगुप्ता, आत्माप्रसाद साहू, विनोद कुमार एडवोकेट, जगदीश प्रसाद साहू, बीरबल साहू व अन्य मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त पर प्लाटून कमांडर को दी गई भावभीनी विदाई

जलालपुर। थाने पर तैनात प्लाटून कमांडर बृजभूषण उपाध्याय के सेवानिवृत्त होने पर रविवार को जलालपुर थाना परिसर में प्रदीप दुबे अध्यक्ष होमगार्ड की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ व जलालपुर थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह रहे।

इस मौके पर थानाध्यक्ष ने कहा सभी सरकारी कर्मी को कभी न कमी सेवानिवृत्त होना है।भविष्य हेतु शुभकामनाएं देकर विदा किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा जवान समाज में अहम भूमिका अदा करते हैं। कोरोना के समय भी उन्होने फ्रंट पर रहकर लोगों की मदद की है। फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ ने कहा कि सरकारी नौकरी में पदस्थापन, स्थानांतरण,सेवानिवृत्ति की प्रक्रिया एक चक्के की तरह घूमती रहती है। इन सभी चक्र से सभी कर्मियों को एक बार गुजरना पड़ता है। इस प्रक्रिया से कोई भी पदाधिकारी व कर्मचारी को आहत होने की जरूरत नही है। इस दौरान फिल्म अमिनेता चन्दन सेठ व थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने सबसे पहले सेवानिवृत्ति प्लाटून कमांडर को फूल माला, शॉल अंगवस्त्र, साइकिल उपहार देते हुए भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर पीयूष सिंह,अजय प्रताप सिंह बीओ, कृपाशंकर दुबे प्लाटून सहायक कमांडर,सतीश उपाध्याय उपाध्यक्ष, सुनिल मिश्रा संगठन मंत्री, सुशील उपाध्याय संरक्षक, राजेश यादव कोषागार मंत्री, दीपक दुबे, टिन्कु गिरी, मुहम्मद आजाद, रविन्द्र लाल, अरविन्द सिंह, चन्द्रशेखर सिंह, सुनील मिश्रा, शिवधनी शर्मा, संतलाल मिश्रा, दलश्रृंगार, राकेश भारती, लाल बिहारी, सुजीत, सतीश, सुशील, सुरेश मिश्रा, वेद प्रकाश, सुरेन्द्र यादव सहित थाना के सभी पुलिसकर्मी व होमगार्ड मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त होने पर विदाई देते लोग।

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) चतुर्थ, जिला वाराणसी, वाद सं0 2489 सन् 2022 ई0 श्रीमती महेन्द्र लाल जायसवाल बनाम राजेन्द्र प्रकाश बनाम-1.राजेन्द्र प्रकाश वयस्क पुत्र कैलाश निवासी मं0नं0 सा.18/1314-ए मौजा हाल पंचक्रोशी रोड, वाराणसी। चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन दिया है कि वसीयत मंसूबी अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन कि खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के 09 माह के 22 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक् रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 31.05.2025 के दिवस को निकाली गई। आज्ञा से-न्यायालय

अदालती नोटिस

इस्तेहार मजरिया अदालत जिला न्यायाधीश वाराणसी, मुकाम वाराणसी प्रकीर्ण वाद सं0 358 सन् 2025 ई0 दरखास्त मुसम्मा 1.किरन कौर विधवा पत्नी स्व0 सर्वजीत सिंह निवासिनी मकान नम्बर सी0 26/35-1-क मोहल्ला बाग कन्हैया लाल, रामकटोरा वार्ड चेतगंज जिला वाराणसी 2.मनजोत सिंह बउम्र 9 वर्ष 3.नवजोत सिंह बउम्र 6 वर्ष नाबालिगान पुत्रगण स्व0 मनिन्दर सिंह बजरिये किरन कौर(दादी खास) निवासीगण मकान नम्बर सी0 26/35-1-क मोहल्ला बाग कन्हैया लाल, रामकटोरा वार्ड चेतगंज जिला वाराणसी बनाम-1.मंगलजीत सिंह बालिग पुत्र स्व0 सर्वजीत सिंह निवासी मकान नम्बर सी0 26/35-1-क मोहल्ला बाग कन्हैया लाल, रामकटोरा वार्ड चेतगंज जिला वाराणसी 2.मनजीत कौर बालिग पुत्री स्व0 सर्वजीत सिंह पत्नी उपकार सिंह निवासिनी परमहंस नगर चितईपुर कंदवा जिला वाराणसी। वास्ते हुसुल सर्टिफिकेट पर कर्जा व किफायत हाय याफतानी मुसम्मा अपने बमूजिक ऐक्ट 1889 ई0 व कैद धारा-8 व 10 गार्जियन एण्ड वार्डस एक्ट हरगाह मुसम्मा किरन कौर ने दरखास्त हुसुल सर्टिफिकेट गुजरानी है और तारीख 03 माह 07 सन् 2025 ई0 वास्ते समायत दरखास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इस्

भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा मास्को

आतंकवाद से लड़ने का भारत के मजबूत संकल्प को दोहराया

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। सांसद राजीव राय समेत सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल सभी प्रकार के आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के मजबूत संकल्प को व्यक्त करने के लिए मास्को पहुंचा। वहां राजदूत विनय कुमार ने घोसी सांसद राजीव राय समेत सभी प्रतिनिधियों और राजदूत मंजीव पुरी को आधिकारिक वार्ता शुरू करने से पहले भारत-रूस संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी।

रुस में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ सांसद राजीव राय।

रूसी सेनेटरों के साथ की वार्ता घोसी सांसद समेत सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी संघ की फेडरेशन काउंसिल में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उप-अध्यक्ष एंड्री डेनिसोव और अन्य सीनेटरों के साथ अपनी बैठक शुरू की। समाजवादी सांसद राजीव राय सहित भारतीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत स्टेट ड्यूमा कमेटी ऑन इंटरनेशनल अफेयर्स के अध्यक्ष लियोनिद स्लटस्की और स्टेट ड्यूमा के अन्य सदस्यों द्वारा किया गया।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर समिति के अध्यक्ष से की वार्ता सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल और अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर राज्य ड्यूमा समिति के अध्यक्ष लियोनिद स्लटस्की तथा राज्य ड्यूमा के अन्य सदस्यों के बीच बैठक प्रारंभ हुई। रूसी संघ के उप विदेश मंत्री एंड्री रुडेंको ने सांसद घोसी राजीव राय सहित सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। रूसी संघ के पूर्व प्रधानमंत्री मिखाइल फ्रैडकोव, जो रूसी सामरिक अध्ययन संस्थान (आरआईएसएस) के प्रमुख हैं, ने सांसद घोसी राजीव राय समेत सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ एक उपयोगी बातचीत की। उन्होंने वर्तमान वैश्विक स्थिति, विशेष रूप से आतंकवाद से उत्पन्न खतरों पर चर्चा की।

सांसद राजीव राय समेत संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने थिंक टैंक- एमएसयू, आईएमईएमओ, एचएसई, आरआईएसी, स्कोल्कोवो आदि के सदस्यों के साथ गहन बातचीत की। वर्तमान वैश्विक स्थिति, आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के नए दृष्टिकोण और भारत-रूस सहयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री राय ने मास्को, रुस में मीडिया से बातचीत में कहा कि ष्आज हमने यहाँ शीर्ष अधिकारियों के साथ कई बैठकें कीं। रूस हमारा सबसे पुराना मित्र है।

उन्होंने कहा कि वे इस लड़ाई में भारत के साथ हैं... ऑपरेशन सिंदूर में जो कुछ भी हुआ वह एक प्रतिक्रिया थी, एक लक्षण था और एक निदान था। निदान यह है कि जब तक हम इसकी जड़ों को खत्म नहीं करते, जो पाकिस्तान में हैं, जब तक हम वहाँ आतंकवादी शिविरों को नष्ट नहीं करते और पाकिस्तान को ऐसे लोगों से दूरी बनाए रखने के लिए मजबूर नहीं करते... वे देश जो सोचते हैं कि अगर उनके देश में घटित होता है तो आतंकवाद है, और भारत में होता है तो यह भारत और पाकिस्तान के बीच की घटना मात्र है, इस सोच को बदलने की जरूरत है।

सीओ की अध्यक्षता में पीस कमेटी की हुई बैठक

तरुणमित्र न्यूज

चिरैयाकोट (मऊ)। स्थानीय थाना प्रागंण में रविवार के अपराह्न निकट पर्व बकरीद के मद्देनजर पुलिस क्षेत्राधीकारी शितला प्रसाद पाण्डेय के अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान सीओ ने पर्व के दौरान लोगों से शांति कि अपील करते हुए पर्व मनाने वालों को प्रतिबंधित पशुओं कि कुर्बानी कतई न करने कि चेतावनी दी।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष योगेश यादव, सरसेना पुलिस चौकी इंचार्ज और अपराध निरिक्षक महेन्द्र यादव, उप निरिक्षक राकेश सिंह, रुद्र प्रसाद दुबे, विरेन्द्र दुबे और गणमान्य मे मुंशी कुरैशी, डा.शुब्बा, मदन राम आदि अनेक लोग मौजूद रहें।

पीस कमेटी की बैठक करते सीओ।

संक्षिप्त समाचार

बाइक की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

तरुणमित्र न्यूज

मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)।मधुबन थाना क्षेत्र के कटघरा शंकर मोड़ के समीप शनिवार कि रात्रि एक अनियंत्रित बाईक के चपेट में आने से एक सत्तर वर्षीय वृद्ध गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने आनन फानन में घायल बृद्ध को ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में भर्ती कराया जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कटघराशंकर निवासी मणिराज साहनी पुत्र स्वर्गीय फकुरी साहनी 70 वर्ष कटघराशंकर सब्जी मंडी से सब्जी लेकर कर घर जारहा था कि उसी दौरान एक अनियंत्रित वाईक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उपस्थित लोगों ने ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उसे भर्ती कराया जहां स्थिति गम्भीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत होगई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुची मधुबन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। उधर मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया जिन करुणक्रंदन से उपस्थित सभी कि आँखे नम हो रही थी।

कोपागंज थाने पर तीन को होगी वाहनों की नीलामी

तरुणमित्र न्यूज

कोपागंज (मऊ)।पुलिस अधीक्षक इलामारन के निर्देशन में 3 जून को स्थानीय थाना पर 03 मोटर साईकिल व 02 चार पहिया वाहन वाहनो की नीलामी होगी। जिसमें लावारिश मोटर साइकिल, स्कार्पियो एवं बोलेरो शामिल है। नायब तहसीलदार सुशील कुमार व क्षेत्राधिकारी दिनेश दत्त मिश्रा सर्किल घोसी व प्रभारी निरीक्षक थाना कोपागंज की उपस्थिति में नीलामी करायी जायेगी।

महिला ऐच्छिक ब्यूरो के प्रयास से 15 मामले निस्तारित

तरुणमित्र न्यूज

ऐच्छिक ब्यूरो की बैठक में सुलह कराते सदस्यगण।

मऊ।पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में रविवार को महिला ऐच्छिक ब्यूरो की बैठक पुलिस कार्यालय में सम्पन्न हुयी।

इस दौरान एच्छिक ब्यूरो के सदस्यो के समक्ष कुल 53 मामले आये जिसमें एच्छिक ब्यूरो के सदस्यो के प्रयास से 15 मामलों का निस्तारण हुआ। वहीं 05 दंपति आपसी मतभेद भुलाकर एक दुसरे के साथ रहने को राजी हुए जबकि 09 फाईलें पक्षकारों की उदासीनता से बन्द की गयी। अन्य मामलों के निस्तारण हेतु ब्यूरो की बैठक की अगली तारीख 15 जून दी गयी है। एच्छिक ब्यूरो की बैठक में अर्चना उपाध्याय, मौलवी अरशद, उ.नि. समरजीत यादव, मानसिंह म.आ. राजलक्ष्मी, करिश्मा राय उपस्थित रही।

वध हेतु जा रहे दो गोवंश बरामद, एक गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज

गो वंश के आरोपी अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में

मऊ।पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में जनपद भर में चलाये जा रहे अपराध/अपराधियों के विरूद्ध अभियान के क्रम में रविवार को वध हेतु जा रहे 02 गोवंश बरामद, 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

जिसमें थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान ग्राम भिखमपुर से 01 शातिर अभियुक्त गुलजार उर्फ गुड्डू पुत्र भुट्टी निवासी भिखमपुर थाना चिरैयाकोट दो गाय के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना चिरैयाकोट में 61/25 धारा 3/5ए/8 गौ हत्या नि.अधि0 व 11 पशू क्रूरता नि.अधि. का अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरूणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोन:-समाचार कक्ष-(05462) 358728, 05462-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

स्कार्पियो की टक्कर से युवक की हालत गंभीर

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जमालपुर भुईलीपुर निवासी 28 वर्षीय गोविन्द कुमार पुत्र रामेश्वर प्रसाद जो बीते शुक्रवार को अपने दोस्त की शादी में कोपाकोहना कुर्ती जाफरपुर गांव में बारात में गया हुआ था। भोजन करने के बाद यह युवक चारपाई लगाकर सो रहा था। इस बीच बारात में गई स्कार्पियो चालक रमेश ने युवक की चारपाई पर सो रहे टक्कर मार दिया। जिससे युवक स्कॉर्पियो के नीचे बुरी तरह से घायल हो गया। इस बीच बारात में गए लोगों ने घायल गोविंद को तुरंत कोपागंज सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। जिसे परिजनों ने मुहम्मदाबाद गोहना हड्डी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां भी उसकी हालत सीरियस होने पर चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

स्कार्पियो के टक्कर से घायल युवक।

सोने का भाव बढ़ने से कारीगर भुखमरी के कगार पर

सर्राफा सेवा समिति की बैठक सम्पन्न

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। सर्राफा सेवा समिति की बैठक रविवार को केडिया भवन स्थित कार्यालय पर आहूत हुई। इस बैठक को संबोधित करते हुए ब्यापर मंडल के युवा जिलाध्यक्ष एवम सर्राफा सेवा सीमिति के जिलाध्यक्ष मनीष सर्राफ ने विगत दिनों से सर्राफा ब्यापार में सोने का रेट बहुत ज्यादा बड़ जाने की वजह पर चिंता व्यक्त करते हुए कहाकि दो दशक पहले सन 2000 में सोने का रेट 7000 हुआ करता था।

सर्राफा सेवा समिति की बैठक लेते जिलाध्यक्ष मनीष सर्राफ।

जो आज पंद्रह गुना बड़कर 100000 एक लाख पहुंचने को है। ऐसे में छोटे छोटे ब्यापारियो को बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और सामान्य रूप में होने वाली ग्राहकी जो अनवरत पूरे बारह महीने चलती थी वह खत्म होती जा रही है। धीरे धीरे साहूकारी का भी काम भी ज्वेलर्स के हाथों से निकलता जा रहा है। लोकल स्तर कारीगरी करने वाले कारीगरों के लिए बहुत परेशान कर देंते वाली स्थिति होती जा रही है वो पूजी के अभाव में वो काम नहीं कर पा रहे है। सरकार की कोई सरल योजना नहीं है जो धरातल पर इनके साथ खड़ी हो सके। यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में न जाने कितने परिवार उजड़ जायेंगे।

इसलिए जिलाधिकारी से निवेदन है की छोटे छोटे घरेलू उधोगों को बढ़ावा देने के लिए संबंधित संगठनों से संपर्क कर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और घरेलू उद्योग को बढ़ावा देने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दे। ताकि छोटे छोटे कारीगरों को इसका लाभ मिल सके। साहूकारी के लाइसेंस की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए इसे भी छोटे व्यापारियों के लिए जारी किया जाए। ताकि सबको इसका लाभ मिल सके। सरकार की योजनाएं इन कमजोर कारीगरों तक नहीं पहुँच पा रही है।

इस बैठक में नगर अध्यक्ष कन्हैया वर्मा नगर मंत्री मनोज वर्मा संस्थापक निखिल वर्मा, हरिओम वर्मा, संजय वर्मा, सन्नी वर्मा, योगेश वर्मा, विष्णु वर्मा, मनोज वर्मा, लालचंद्र यादव, विकास वर्मा आदि दर्जनों व्यापारी उपस्थित रहे।

कला के क्षेत्र में श्वेता को एमएफ हुसैन अवार्ड

महाराष्ट्र के प्रतियोगिता में एवार्ड की हुई थी घोषणा

तरुणमित्र न्यूज

श्वेता मौर्या।

कोपागंज (मऊ)। कोपागंज नगर पंचायत क्षेत्र के कोपा कोहना के पुरवा पुराने कोपा निवासिनी श्वेता मौर्या का महाराष्ट्र आर्ट कांटेस्ट 2025 में एम एफ हुसैन अवार्ड के लिए चयनित होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी है। क्षेत्र के उनके घर पहुंच बधाईया देने वालो का ताँता लगा है।

नगर पंचायत के कोपा कोहना दक्षिणी के पुरवा पुराने कोपा निवासी अनिल कुमार मौर्य की पुत्री श्वेता मौर्य ने बीएफए और एमएफए काशी हिंदू विश्वविद्यालय से पेंटिंग में पूरा किया है. कौशल विकास एवं आर्ट मिशन महाराष्ट्र द्वारा महाराष्ट्र आर्ट कांटेस्ट-2025 में श्वेता मौर्य ने जनवरी में भाग लिया था। 28 अप्रैल को इसका परिणाम आने पर श्वेता का चयन एमएफ हुसैन अवार्ड के लिए हुआ है जिसके तहत 20000 नगद राशि एवं स्कालरशिप दिया गया है। स्कालरशिप के तहत कोई भी कला संबंधी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर उसकी पूरी फीस का संस्थान वहन करेगी। जैसे ही यह खबर क्षेत्र में पहुंची वैसे ही बधाईया देने वालो का ताँता लग गया जिसमें नरेंद्र शर्मा, श्रवण विश्वकर्मा, विनोद, योगेश आदि लोग प्रमुख रहे।

3.07 लाख में ट्रक की हुई नीलामी

नीलामी की बैठक करते तहसीलदार।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन पियूष मोर्डिया के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में के थानों पर लंबित माल मुकदमाती/लावारिस वाहनों के निस्तारण हेतु "ऑपरेशन क्लीन" चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में तहसीलदार घोसी, क्षेत्राधिकारी घोसी दिनेश दत्त मिश्र, थानाध्यक्ष घोसी मनोज सिंह की उपस्थिति में रविवार को थाना घोसी पर विभिन्न जनपदों से आये 06 रजिस्टर्ड कबाड़ व्यापारियों के समक्ष बोली लगवाकर नीलामी प्रक्रिया के अन्तर्गत 01 ट्रक वाहन का निस्तारण कराकर जीएसटी सहित कुल 3,07,100 (तीन लाख सात हजार एक सौ रुपये) राजस्व की प्राप्ति की गयी। प्राप्त धनराशि को नियमानुसार राजकोष में जमा किया जायेगा।

हत्या मामले में इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

सम्पत्ति के बंटवारे के विवाद में दादी की थी हत्या

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुहम्मदाबाद पुलिस टीम द्वारा हत्या मामलें में 25000 हजार रुपये का इनामिया/ वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्रि के कुशल पर्वेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद शीतला प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में थाना मुहम्मदाबाद पुलिस रविवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन मुहम्मदाबाद गोहना से अभियुक्त को धर दबोचा गया। मु.अ.सं. 112/2025 धारा 103, 61(2) बीएनएस से संबंधित 25000 रुपये का इनामिया/वांछित अभियुक्त संजय कुमार पुत्र ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश निवासी गालिबपुर थाना मुहम्मदाबाद गोहना गिरफ्तार किया गया। जिसके द्वारा 08-09 मार्च 2025 की रात्रि परिवारिक सम्पत्ति के बंटवारे के विवाद को लेकर ग्राम गालिबपुर में अपनी सौतेली दादी की गला घोंट कर हत्या करने मामले मे फरार चल रहा था। उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया। गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम में थाना मुहम्मदाबाद गोहना के उनि सुरजीत सिंह हेकां. विवेक गुप्ता व कां. रोहित कुमार यादव शामिल रहे।

पुलिस की गिरफ्त में इनामिया अपराधी।

जी.एच.के. हास्पिटल
(मल्टी स्पेशलिटी)
पालीटेक्निक चौराहा निकट-लोहिया पार्क, जौनपुर
सुविधाएं:-
⇨अल्ट्रासाउण्ड एवं कलर डापलर
⇨इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ
⇨नार्मल एवं सीजर डिलीवरी
⇨कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण
⇨काल्पोस्कोपी
⇨हिस्ट्रोस्कोपी
⇨जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी।
(इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध)
Mob.: 9335382171
डा. अम्बर खान
एमबीबीएस डीजीओ इलाहाबाद (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक दिन 10 से 4 बजे तक

रजि. नं. 49166 (U.P.)
हिमानी हॉस्पिटल
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)
डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
भूतपूर्व सर्जन: गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली
डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराडटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
भूतपूर्व सर्जन: • डा. एल.एच. हीरानन्दानी हॉस्पिटल, मुंबइ • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली
डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)
सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टभ)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रात: 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
नि:संतान महिलाएं अवश्य मिलें

जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन पाइप पेयजल परियोजना का निरीक्षण कर लिया जायजा

निर्माण कार्यों में तेजी लाकर समयबद्ध पूर्ण कराने के दिए निर्देश

तरुणमित्र न्यूज़

बलिया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने रबिबार को ग्राम हैबतपुर एवं कटरिया में जल-जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन हनुमानगंज ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया।

जिलाधिकारी द्वारा ग्राम हैबतपुर में गंगा नदी के किनारे निर्माणाधीन 186 MLD के इन्टेकवेल के निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था L ×T के प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि इन्टेकवेल का कार्य 63 प्रतिशत पूर्ण है,अवशेष कार्य प्रगति पर है। इन्टेक वेल से WTP तक बिछाई जाने वाली वाटर पाइप लाइन के लिए इन्टेक को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली

अप्रोच रोड पर लगभग 875 वर्ग मीटर भूमि प्राइवेट लैंड होने के कारण अभी तक अधिग्रहण नहीं हो पाया है,जिसकी प्रक्रिया चल रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे श्री राजित राम गुप्ता को निर्देशित किया कि आवश्यक कार्यवाही करते हुए अधिग्रहण की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूर्ण कराई जाय। उन्होंने कार्यदाई संस्था को कार्य में तेजी लाते हुए समयान्तर्गत कार्य पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम कटरिया में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि वर्तमान में लगभग 37 प्रतिशत कार्य पूर्ण है। WTP के लिए उपलब्ध भूमि में 7543 वर्ग मीटर जमीन, जिस पर CWR का निर्माण प्रस्तावित है, का अधिग्रहण नहीं हो पाया है एवं लगभग 450 किलोमीटर पाइप लाइन का कार्य लोक निर्माण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र न मिलने के कारण बाधित है।

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं जल निगम (ग्रामीण) के अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक निर्माण विभाग के साथ बैठक आहूत कर शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराए एवं WTP की जमीन के अधिग्रहण के लिए आवश्यक कार्यवाही किया जाय। इस परियोजना से जनपद के विकास खण्ड - हनुमानगंज, गड़वार, सोहाव, बेरूआरवारी, दूबहड़,रसड़ा एवं चिलकहर के समस्त ग्राम पंचायतों को हर घर नल से जल से आच्छादित किया जाना लक्षित है।

भाजपा सरकार के एजेंडे में नहीं हैं विकासः मो. रिजवी

तरुणमित्र न्यूज़

सिकन्दरपुर (बलिया)। सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर एवं क्षेत्रीय विधायक मो0 जियाउद्दीन रिजवी ने तहसील सिकन्दरपुर में घाघरा नदी में हो रहे कटान रोधी कार्य का शुक्रवार शाम को विभागीय अधिकारियों संग निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियंता बाढ संजय कुमार मिश्रा, अवर अभियंता दिनेश कुमार, जेई राजेश राव एवं हिमांशु यादव मौजूद रहें।

विधायक मो0 जियाउद्दीन रिजवी ने बताया कि बहुत भाग दौड़ करने के बाद कटान रोकने हेतु धन अवमुक्त हुआ हैं। उन्होंने बताया कि मुझे विधान सभा में कई बार प्रश्न लगाना पड़ा। सिंचाई मंत्री एवं प्रमुख सचिव बाढ़ से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया। तब जाकर कटान रोधी कार्य के लिए लगभग 17

करोड़ रुपए अवमुक्त हुआ हैं। पिछले साल जियो ट्यूब से कटान रोकने हेतु हमने धन दिलवाया। उसी समय से मैं लगातार लगा रहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कटान रोधी कार्य में कोई कोताही न बरती जाय एवं समय से प्रॉजेक्ट को पूरा किया जाय।

विधायक मो0 जियाउद्दीन रिजवी ने बताया कि निपनिया गांव के सामने कटान रोकने हेतु जियो ट्यूब से कार्य कराया जाएगा, जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है। मो0 जियाउद्दीन रिजवी ने बताया कि पक्का पुल पर कितना भी प्रयास करने पर एक ही जवाब आता है कि धनाभाव हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के एजेंडे में विकास हैं ही नहीं। इस मौके पर राम जी यादव, भीष्म यादव, अनंत मिश्रा, डॉ मदन राय मो0 सेराज सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

संक्षिप्त समाचार

पांच आरोपियों को आजीवन कारवास तथा एक एक लाख का अर्थदंड

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़।तरवां,प्रधानी के रंजिश में कातिलाना हमले के मुकदमे में सुनवाई करने के बाद अदालत ने पांच आरोपियों को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नंबर दो अमर सिंह ने शनिवार को सुनाया। अभियोजन कहानी के अनुसार वादिनी किशुनौता निवासिनी नदवां थाना तरवां 15 मई 2015 को अपने पति कमला गिरी के साथ अपनी बहू के इलाज के लिए अस्पताल गई थी।जब अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे वादिनी किशुनौता अपने पति व बहू के साथ घर वापस आई तो प्रधानी के चुनाव की रंजिश लेकर गांव के ही उमेश गिरी, राजन गिरी, नीरज गिरी, रामप्रवेश गिरी,इंदल गिरी तथा रामदुलारे गिरी ने गाली गलौज देते हुए जान से मारने की नीयत से कमला गिरी पर हमला कर दिया। कमलागिरी जान बचाकर भागने लगे तब हमलावरों ने उन पर अंधाधुंध गोली चलाई।

बुरी तरह से घायल कमलागिरी को अस्पताल ले जाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया काफी दिन तक वाराणसी में इलाज के बाद कमला गिरी स्वस्थ हुए। इस मामले में पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद सभी आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से सहायक शासकीय अधिवक्ता अभय दत्त गोंड, हरेंद्र सिंह तथा वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण श्रीवास्तव ने कुल आठ गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया।दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने उमेश गिरी, राजन गिरी, नीरज गिरी, रामप्रवेश गिरी तथा रामदुलारे गिरी को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

26.50 लाख के गांजे के साथ अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

आज़मगढ़।जिले के जीयनपुर कोतवाली और एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त पुलिस टीम ने शुक्रवार की रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय गांजा तस्कर राजेंद्र यादव को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 53.2 किलोग्राम अवैध गांजा, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 26.5 लाख रुपये है और तस्करी में प्रयुक्त एक मैजिक वाहन बरामद किया। मुखबिर की सूचना पर जीयनपुर पुलिस और एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम ने मुबारकपुर तिराहे पर एक संदिग्ध मैजिक वाहन को रोका। तलाशी के दौरान वाहन में कोरियर के सामान में छिपाकर रखा गया 53.2 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी के बाद वाहन के मालिक राजेंद्र यादव निवासी भैसार थाना रौनापार को रात 1.55 बजे गिरफ्तार किया गया। इस आधार पर जीयनपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपी राजेंद्र यादव ने बताया कि वह और उसका बेटा विजय यादव असम के बरपेठा के प्रवित्र वर्मन के साथ मिलकर रविगो महिंद्रा लॉजिस्टिक कोरियर कंपनी के जरिए बांस की डिलीवरी के नाम पर गठ्ठरों में गत्ते के अंदर गांजा छिपाकर मंगवाते थे। राजेंद्र ने बताया कि वह असम में लंबे समय तक रहा, जिससे उसे वहां की भौगोलिक स्थिति और गतिविधियों की पूरी जानकारी थी।

सांसद ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण निर्माण कार्यों लिया जायजा

तरुणमित्र न्यूज़

बेल्थरा रोड (बलिया)। सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर नें बेल्थरा रोड रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं सहित अमृत भारत योजना के निर्माण कार्य का जायजा लिया।

निरीक्षण के उपरांत पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट, ट्रेन सेफ्टी, यात्री विश्रामालय, स्टेशन का पूर्ण विकास, दो पटरियों के बीच की दूरी बढ़ाकर प्लेटफार्म का विकास, एक और टिकट काउंटर खोले जाने, दोनों ओर के स्टैंड,पेयजल की उपलब्धता तथा रेलवे विभाग से अनुमति लेकर सांसद निधि से भी आर ओ प्लांट लगवाने की बात कही। वाराणसी से गोरखपुर के बीच में और ट्रेन संचालन के उत्तर में उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में दोनों इंजन आपस में टकरा रहे हैं जिसका खामियाजा पूर्वांचल

की जनता भुगतने को मजबूर है। गोरखपुर छपरा रेलखंड के मध्य कुसमी और देवरिया दो ही जगह माल गोदाम है इस क्रम में बेल्थरा रोड तेजी से विकसित हो सकता है इसके लिए शासन में भी बात रखी जा रही है। प्लेटफार्म पर बारिश होते समय सेट से पानी टपकने से यात्रियों के भीगने की बात बताए जाने पर उन्होंने कहा ,यह यात्रियों के साथ गलत व्यवहार है उनसे सुविधाओं के नाम पर पैसा लेकर के भी बारिश के पानी में स्टेशन पर भीगने को मजबूर होना पड़ता है।

मैं इस बाबत उच्च अधिकारियों से बात करूंगा। रेल मंत्री से भी अन्य ट्रेनों के ठहराव की बात रखते हुए मैं बेल्थरा रोड रेलवे स्टेशन को इसी वित्तीय वर्ष में संतृप्त कराने के लिए प्रयासरत रहूंगा। इस निरीक्षण के दौरान चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर कौशलेश सिंह, आइ ओ डब्ल्यू हृदयानंद सिंह, स्टेशन अधीक्षक राजू कुमार भारती, वाणिज्य अधीक्षक धर्मेन्द्र गोंड, डिप्टी चीफ मैनेजर शशांक,डी सी आई मऊ, यातायात निरीक्षक मनोज कुमार,सेक्शन इंजीनियर मऊ सत्येन्द्र शाह,अखिलेश सिंह डी सी आई मऊ, आर पी एफ हृदयानंद तिवारी उपस्थित रहें।

वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों में मोहम्मद सद्दाम, शमशाद बांसपारी, पूर्व प्रधान सज्जन पासवान, रामसरन चौहान, पतिराम यादव, ड्राइवर सुरेन्दर यादव के साथ ही साथ दर्जनों कि संख्या में लोग मौजूद रहे।

अपृहता को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज़

बलिया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों तथा लापता बच्चियों की बरामदगी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अनिल कुमार झा के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी बांसडीह प्रभात कुमार व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बांसडीह संजय सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 118/2025 धारा 87/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित पीड़िता को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला अभियुक्त अरूण कश्यप पुत्र महेन्द्र कश्यप उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम मैरीटार थाना बांसडीह बलिया को रबिबार को समय 10.50 बजे मैरीटार चौराहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

जयमाल के दौरान महिलाओं पर फेंके कंकड़, हुआ हंगामा

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जनपद के थाना सिधारी क्षेत्र के ग्राम बभनौली अदाई में 25 मई को एक शादी समारोह के दौरान जयमाल के समय कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा हंगामा मचाने और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। इस घटना में नशे में धुत कुछ लोगों पर कंकड़ फेंकने, लेजर लाइट से चेहरा जलाने, अश्लील इशारे करने, गाली-गलौज और मारपीट के गंभीर आरोप लगे हैं। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी (FIR) दर्ज कर ली है। प्रार्थी बृजभान पुत्र इनरु राम, निवासी बभनौली अदाई, ने थाना सिधारी में शिकायत दर्ज कराई कि 25 मई को उनकी पुत्री की शादी के दौरान एकरामपुर और टेउखर गांव के कुछ लोगों ने शराब के नशे में उत्पात मचाया। शिकायत के अनुसार, अमन कुमार, रमेश चंद, बिंदर राम, रवि कुमार, अवनीश कुमार, धर्मेंद्र (सभी एकरामपुर निवासी) और विवेक, पंकज कुमार, गौतम कुमार (टेउखर निवासी) ने जयमाल के समय महिलाओं और लड़कियों पर कंकड़ फेंके, लेजर लाइट से चेहरों को निशाना बनाया, अश्लील इशारे किए और अभद्र भाषा

का प्रयोग किया। मना करने पर आरोपियों ने प्रार्थी और उनके रिश्तेदारों प्रमोद कुमार, गौतम, और विशाल पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने जांच की, जिसमें आरोप सत्य पाए गए।

चोरी की बैटरी के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज़

बलिया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपा शंकर के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मो0 फहीम कुरैशी एवं प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बैरिया पुलिस टीम को मिली सफलता।

घटना का संक्षिप्त विवरण: उल्लेखनीय है कि दिनांक 30.मई को थाना बैरिया जनपद बलिया पर वादी द्वारा स्वयं के ई-रिक्शा की बैट्री दिनांक 30.मई को अभियुक्तगण 1.अभिषेक कुमार सिंह उर्फ मोती पुत्र अशोक सिंह राजीव कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासीगण रकबा टोला थाना बैरिया जनपद बलिया द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था जिसके आधार पर मु0अ0सं0 207/25 धारा 303(2) B.N.S पंजीकृत कर आवश्यक विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही थी। इसी क्रम में को थाना बैरिया पुलिस टीम के उ0नि0 सुशील कुमार मय हमराह पुलिस टीम के साथ देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्मजरायम, तलाश वारण्टी/वांछित के क्षेत्र में भ्रमण करते हुए बीबी टोला जा रहे थे कि बाबा लक्ष्मण दास ग्राउण्ड में दो व्यक्ति बैठे दिखाई दिये, पुलिस टीम द्वारा दबे पांव दोनों व्यक्तियों के पास जाकर रात्रि में बैठने का कारण पूछा गया तो दोनो व्यक्तिय संतोषजनक जवाब नही दे सके तथा पुलिस टीम को देख सकपकाते हुए एक दूसरे की तरफ देखने लगे दोनों व्यक्तियो से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम राजीव कुमार पुत्र विनोद राम निवासी रकबा टोला थाना बैरिया जनपद बलिया उम्र 21 वर्ष,अभिषेक कुमार सिंह उर्फ मोती पुत्र अशोक कुमार सिंह निवासी रकबा टोला थाना बैरिया जनपद बलिया उम्र 20 वर्ष।

पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि दहारी वर्मा के गोदाम के पास खड़े ई-रिक्शा की एक बैट्री चुराये थे जिसको यही झाड़ी में छिपाये है, जिसे आज बचने के लिए हम लोग जाने वाले थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया, पकड़े दोनों अभियुक्तों की निशान देही पर मौके पर ही झाड़ी में से 01 अदद ई-रिक्शा की बैट्री Eastman ENERGY UNLIMIT-ED+ CHETAK 140Ah बरामद की गयी। उपरोक्त बरामदगी/गिरफ्तार के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना स्थानीय पर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

भारी मात्रा में चोरी की मोबाइलों के साथ चार शातिर चोर गिरफ्तार

अभियुक्तों के कब्जे से 30 मोबाइल फोन बरामद

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में श्री अनन्त चन्द्रशेखर, अपर पुलिस अधीक्षक सदर व राजीव सिसौदिया, क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में गगन राज, थानाप्रभारी मुगलसराय की टीम द्वारा मोबाइल चोरों के गिरोह के 04 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 30 मोबाईल व 7600/-? की बरामदगी की गयी है।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।दिनांक 31.05.25 को उ0नि0 अभिषेक शुक्ला, उ0नि0 दिलीप कुमार सिंह को सूत्रों से सूचना मिली कि कुछ लड़के सन फ्लावर स्कूल बहादुरपुर के आगे एक सुनसान स्थान पर बैठकर चोरी की मोबाइलों का बटवारा कर रहे है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा चौकी प्रभारी दुलहीपुर उ0नि0 तरूण कुमार कश्यप को साथ लेकर सन फ्लावर स्कूल बहादुरपुर के पास चिन्हित स्थान पर पहुंचने पर कुछ व्यक्ति बैठे दिखाई दिए। घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम को देखकर बैठे व्यक्ति भागने लगे। घेराबंदी में 04 युवकों को समय 23ः57 बजे पकड लिया गया तथा एक युवक मौके से भागने में सफल हो गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान क्रमशः 1.अल्फाज (19 वर्ष) पुत्र अजीजुरहमान निवासी ग्राम सूजाबाद थाना रामनगर वाराणसी के रूप में हुयी। जिसकी तलाशी के दौरान बरामद झोले से 12 मोबाइल

(10 एण्ड्राइड व 02 कीपैड) मोबाइल फोन व 7000 रूपये नकद बरामद हुए। 2.सूरज यादव (27 वर्ष) पुत्र दशरथ यादव निवासी ग्राम सूजाबाद थाना रामनगर जनपद वाराणसी के रूप में हुयी। जिसकी तलाशी के दौरान बरामद झोले से 07 मोबाइल फोन व 100 रूपये बरामद हुए। 3.साहिल कुमार बिन्द (20 वर्ष) पुत्र शम्भू बिन्द निवासी पैगम्बरपुर पंचकोसी के रूप में थाना सारनाथ वाराणसी बताया। जिसकी तलाशी के दौरान बरामद झोले से 07 एण्ड्राइट मोबाइल फोन व 300 रूपये नकद बरामद हुआ। 4.शेखर पटेल (20 वर्ष) पुत्र मोतीलाल पटेल निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली के रूप में हुयी। जिसके कब्जे से 01 कीपैड व 03 एण्ड्राइल मोबाइल फोन व 200 रूपये बरामद हुआ। बरामद कुल 30 मोबाइल व 7600 रूपये को कब्जा पुलिस में लिया गया। फरार अभियुक्त की पहचान प्रिन्स साहनी पुत्र सेचू साहनी निवासी सूजाबाद थाना रामनगर वाराणसी के रूप में हुयी। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हमलोग रात्रि में लोगो के घरो में घुसकर मोबाइल फोन व पैसा आदि चोरी करते है तथा रेलवे लाईन पर खड़े होकर ट्रेन में गेट पर बैठकर सफर करने वाले यात्रियों को पानी की बोतल से मारकर उनके मोबाइल फोन गिराकर लेकर भाग जाते है।

उक्त घटना में हम लोगो का साथी प्रिन्स साहनी उपरोक्त भी साथ रहता है। कुछ चोरी के मोबाइल उसके पास भी है तथा ग्राम मढ़िया जलीलपुर, चौरहट, डोमरी, आदि स्थानो से चोरी किये गये मोबाईल काफी ज्यादा हो गये थे जिनको हम लोग कार्य के आधार पर बटवारा करने के लिए यहां पर एकत्र थे। बटवारे के पश्चात उक्त चोरी किये गये मोबाइल फोन को हम लोग राह चलते ट्रक ड्राइवरो को बेचते है। दिनांक 30.05.25 को ग्राम मढ़िया तड़वाबीर बाबा मंदिर के पीछे एक घर से तीन मोबाइल फोन व 10000 रू नकद की हम पाँचो ने मिल चोरी किया था जो पैसा हम लोगो से पास से बरामद हुआ है वह सारे पैसे उसी घटना से सम्बन्धित है तथा उस घटना में चोरी किये गये कुछ मोबाइल प्रिन्स साहनी के पास भी है। जो मौके से फरार हो गया है। पकड़े गये चोरो उपरोक्त व्यक्तियो का यह कार्य अन्तर्गत विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम- 1.प्रभारी निरीक्षक गगन राज सिंह थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली। 2.उ0नि0 अभिषेक शुक्ला चौकी प्रभारी जलीलपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली। 3.उ0नि0 दिलीप कुमार सिंह थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली। 4.हे0का0 गौरव सिंह थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली। 5.का0 नजाकत हुसैन थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली मौजूद थे।

नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार तिलकराज शर्मा, हृदयाघात से हुई मौत

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। जिले के मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार तिलकराज शर्मा (65) नहीं रहें।

शनिवार की बीती रात उनका हृदयाघात से निधन हो गया। देहात कोतवाली क्षेत्र के खजुरी गांव के मूल निवासी तथा वरिष्ठ पत्रकार तिलकराज शर्मा की शनिवार को देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें परिजनों द्वारा मंडलीय अस्पताल लाया गया था जहां उन्होंने दम तोड़ दिया था, जिन्हें चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। स्वर्गीय शर्मा अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। विदित हो कि स्वर्गीय तिलकराज शर्मा लखनऊ से प्रकाशित वॉइस ऑफ़ लखनऊ हिंदी समाचार पत्र के मिर्जापुर मुख्यालय से मान्यता प्राप्त संवाददाता थे तथा मिर्जापुर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे तथा उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र शिवगंगा टाइम्स के संपादक स्वर्गीय पंडित राजकुमार शर्मा के बड़े भ्राता रहें हैं। वह पिछले तीन दशक से पत्रकारिता में सक्रिय रहे। उनके निधन का समाचार मिलते ही जिला सूचना अधिकारी ओमप्रकाश उपाध्याय, पत्रकार अजय गुप्ता, संतोष देव गिरि, मंगल तिवारी, राजकुमार उपाध्याय, अमरेश दुबे, अरुण जायसवाल सहित तमाम गणमान्य जन उनके गृह आवास खजुरी पहुंच शोक संवेदना जताते हुए परिवार को ढांढस बंधाया है। स्वर्गीय तिलकराज अपने पीछे भरा-पुरा परिवार छोड़ गए हैं। जिनका अंतिम दाह संस्कार चौबेघाट स्थित गंगा तट पर किया गया।

कब्जा हटाने गई राजस्व टीम के साथ दुर्व्यवहार, कागजात फाड़े

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। फूलपुर तहसील के कलाफतपुर गांव में खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा हटाने और जांच के लिए पहुंची राजस्व टीम के साथ दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। इस मामले में हल्का लेखपाल धर्मेंद्र कुमार गौतम की तहरीर पर 8 नामजद और 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ पवई थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को एसडीएम फूलपुर द्वारा गठित राजस्व टीम गांव के गाटा संख्या 256/0.102 हेक्टेयर खलिहान की भूमि पर अतिक्रमण हटाने और जांच के लिए पहुंची थी। जांच में पाया गया कि चिंटू, रामनाथ पुत्रगण दायशंकर, योगेंद्र, और महेंद्र पुत्रगण बोधई द्वारा खलिहान की जमीन पर अतिक्रमण किया गया था। अतिक्रमण हटाने के दौरान सरिता, योगेंद्र, विजयलक्ष्मी, मांगरु, संगीता, और चंद्रशेन ने इसका विरोध किया और राजस्व टीम के साथ दुर्व्यवहार किया। आरोप है कि इस दौरान सरकारी कागजात भी फाड़े गए। विरोध बढ़ने पर पुलिस ने मोर्चा संभाला। हल्का लेखपाल की शिकायत पर सरिता, मीना, विजयलक्ष्मी, योगेंद्र, मांगरु, चंद्रशेन, संगीता, शर्मिला सहित 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

नौकरी दिलाने के नाम पर धोखा

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जनपद के थाना अतरौलिया क्षेत्र में बीजा के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ग्राम बघौरा इनामपुर, थाना निजामाबाद निवासी राजेन्द्र (उम्र 66 वर्ष) ने थाना अतरौलिया के सिपारपट्टी निवासी सुनील कुमार (उम्र 37 वर्ष) पर एक लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। प्रार्थी ने पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, सुनील कुमार ने राजेन्द्र के दामाद शैलेश कुमार को दुबई में हेल्पर की नौकरी दिलाने के नाम पर धोखा दिया। अभियुक्त ने 50 हजार रुपये फोन पे के जरिए, दो बार 10-10 हजार रुपये और दो बार 15-15 हजार रुपये नकद लिए। इसके बाद शैलेश को मेडिकल के लिए गोरखपुर ले जाया गया और 14 नवंबर 2024 को दिल्ली ले जाकर 15 नवंबर को दुबई की फ्लाइट का झांसा दिया गया। हालांकि, सुनील दो दिन बाद शैलेश को दिल्ली में छोड़कर फरार हो गया। प्रार्थी का दावा है कि सुनील ने उनके दामाद की मेहनत की कमाई हड़प ली और अब गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दे रहा है। राजेन्द्र ने बताया कि सुनील की यह आदत है और उसने कई लोगों को बीजा के नाम पर ठगा है। प्रार्थी ने 2 दिसंबर 2024 को पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

मां के चरणों में श्रद्धानवत होना सौभाग्य की बातः पूर्व सांसद अतुल राय

स्व0 कुसुमलता सिंह की 8वीं पुण्यतिथि पर प्रदेशवासियों ने दी श्रद्धांजलि

तरूणमित्र न्यूज

भांवरकोल, गाजीपुर। क्षेत्र के बीरपुर निवासी और घोसी के पूर्व सांसद अतुल राय की माता स्वर्गीय कुसुमलता सिंह की आठवीं पुण्यतिथि रविवार को मनाई गई। इस मौके पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में आसपास के जनपदों जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्र वासियों ने स्व0 कुसुमलता के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व सांसद अतुल राय ने अपनी मां को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जीवन में मां का होना अति ही महत्व रखता है। उन्होने कहा कि मां जिस तरह से अपनी संतान से स्नेह एवं समर्पण भाव रखती है, उसके लिए अपना सर्वस्व निस्वार्थ त्याग देती हैं ऐसा दूसरा उदाहरण इस संसार में मिलना असम्भव हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां को ईश्वर से ऊपर का दर्जा दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि मां के बिना हमारे

जीवन की कल्पना करना भी बेमानी हैं, वह जगत जननी हैं।

उन्होंने कहा कि मां हर मानव की पहली गुरु होती हैं, जिसकी छाप जीवन के हर एक मोड़ पर परिलक्षित होती हैं। मां की नामौजूदगी जीवन भर महसूस होगी। मां के चरणों में श्रद्धा का फूल चढ़ाना बड़े ही सौभाग्य की बात होती है। इस मौके पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सामूहिक हवन पूजन भी किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक भरत सिंह ने क्षेत्र के एक हजार से अधिक निराश्रित महिलाओं को साड़ी का वितरण किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राजकिशोर राय, रामजी राय, संग्राम यादव, पवन कुमार राय, गोपाल जी राय, सीता राय, विनित राय, प्वीण राय, गुलाब राम, आकाश राय, बसन्त राय के अलावा परिवार के सदस्यों सहित आसपास के जनपदों के सैकड़ों जनप्रतिनिधि एवं हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी शामिल रहे। अंन्त में भरत सिंह ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
श्रम मंत्रालय भारत सरकार एन.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त
प्यारी देवी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
100% रोजगारपरक

ट्रेड (कोर्स)	अवधि	पात्रता
फिटर	2 वर्ष	हाईस्कूल
इलेक्ट्रिशियन	2 वर्ष	हाईस्कूल

सीमित सीट
★आधुनिक वर्कशाप ★ अनुभवी शिक्षक
विशेष- कैम्पस सिलेक्शन सुविधा, सुसज्जित कार्यशालाएँ
प्रशिक्षित एवं अनुभवी अनुदेशक, जाब अप्रेन्टिस की व्यवस्था
गौराबादशाहपुर, पिलखिनी, जौनपुर
Mob.: 9415234998, 8423472673

लक्ष्मी हेल्थ केयर नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेज
A.N.M. 10+2 (Art/Bio)
G.N.M. (A) 10+2 (Bio)
B.Sc. Nursing (A) 10+2 (Bio)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
O.T.T. डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टैक्निशियन
D.P.T. डिप्लोमा इन फिजियोथिरेपी
OPTOMERTY डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री टैक्निशियन
कुत्तूपुर, जौनपुर Mob. : 7275314939, 9236627158

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC & Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Statiion, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
कोठी परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
त्यौहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं
देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्रान्डेड ज्वेलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का मौका दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर मो. 09838435680 - ए.सी. शोरूम
सम्बंधित फर्म-
परसोत्तम राम नरेन्द्र कुमार बैंकर ख्वाजगी टोला, स्टेशन रोड, जौनपुर
कोठी परसोत्तम राम राजाराम बैंकर्स कोतवाली चौराहा, जौनपुर

भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर खोली पाक की पोल

नई दिल्ली। सिंधु जल समझौता स्थगित किए जाने के बाद पाकिस्तान बौखला उठा है। शहबाज शरीफ के एक मंत्री ने तो गीदड़ भभकी दी है कि अगर समझौते को फिर से बहाल नहीं किया जाता है तो पाकिस्तान सीजफायर का उल्लंघन करेगा। वहीं, भारत ने दो टूक कहा है कि जब तक पाकिस्तान क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म को अंजाम देते रहेगा तब तक समझौता स्थगित रहेगा। इसी कड़ी में ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में शुक्रवार को आयोजित ग्लेशियर्स पर संयुक्त राष्ट्र के पहले सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद के जरिए इस संधि का उल्लंघन कर रहा है।

उन्होंने कहा कि यह अटल सत्य है कि सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद से परिस्थितियों में बेबुनियाद बदलाव आए हैं, जिससे संधि की शर्तें पर पुनर्विचार की जरूरत है। कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि इस संधि की भूमिका में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि इसे सद्भावना और मित्रता की भावना में संपन्न किया गया था, और इसे ईमानदारी से लागू करना अनिवार्य है। पाकिस्तान खुद की इस संधि का उल्लंघन कर रहा है और इसके लिए वो भारत पर दोष गढ़ रहा है।

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर Mob. : 9129773253
G.N.M., A.N.M., B.Sc.(Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M. सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
योग्यता 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक
चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर
आयु सीमा 17–35 वर्ष
छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव Mob.: 8931931199 9415273329
डा. शकुन्तला यादव प्रबन्ध निदेशक Mob.: 9889377675 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

रिवांश मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधायें-
जनरल सर्जरी, अपेण्डिक्स, हार्निया बच्चेदानी का ऑपरेशन, पेट आंत पित्त की थैली के पथरी का ऑपरेशन हाइड्रोसिल, गुर्दे की पथरी प्रोस्टेट (दूरबीन विधि द्वारा),बवासीर भगन्दर, फिशर का ऑपरेशन क्षार सूत्र विधि द्वारा, यूरो सर्जरी, लैप्रोस्कोपिक सर्जरी ऑपरेशन द्वारा बच्चा पैदा करने की सुविधा इत्यादि
डॉ. पवन चौरसिया B.A.M.S., M.S. (Ay) जनरल एण्ड एनोरेक्टल सर्जन
डॉ. फैजल जावेद M.B.B.S फिजीशियन
डॉ. डी.के. गुप्ता M.B.B.S., MS, Mch, Urologist यूरो सर्जन
लाइन बाजार तिराहा, वाराणसी रोड, जौनपुर
Mob.: 8765452133, 9336748494, 9415161571
24/7 EMERGENCY SERVICE

यूक्रेन ने किया रूस के एयरबेस पर बड़े हमले का दावा

नई दिल्ली। एक तरफ रूस और यूक्रेन के बीच जंग खत्म करने के लिए शांति वार्ता का प्रयास जारी है, वहीं दूसरी तरफ दोनों देश एक-दूसरे पर ताबड़तोड़ हमले कर रहे हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, यूक्रेन के रक्षा सूत्रों ने रूस के 40 एयरक्राफ्ट मार गिराने का दावा किया है। यूक्रेन की डोमेस्टिक सिक्योरिटी एजेंसी एसबीयू के एक अधिकारी ने कहा कि यूक्रेन ने कई ड्रोन हमले करके रूस के करीब 40 मिलिट्री एयरक्राफ्ट को निशाना बनाया है।

इस हमले में रूस के टीयू-95 और टीयू-22 बॉम्बर तबाह हो गए हैं, जिनका इस्तेमाल लंबी रेज की मिसाइलों को दागने के लिए किया जाता था। रूस के मरमंस्क शहर के गवर्नर ने भी माना है कि दुश्मन के ड्रोन्स ने इलाके पर हमला किया है। वहीं दूसरी तरफ रूसे की स्ट्राइक में 12 यूक्रेनी सैनिक भी मारे गए हैं। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक, रूस ने रविवार को यूक्रेन की मिलिट्री ट्रेनिंग यूनिट पर मिसाइल स्ट्राइक की। बता दें कि यह ट्रेनिंग कैंप एक्टिव फ्रंट लाइन से करीब 1000 किलोमीटर दूर स्थित है। लेकिन बावजूद इसके रूस यहां ड्रोन से हमला करने में सक्षम है। बताया कि हमले की स्थितियों की जांच के लिए यूक्रेन एक इन्वेस्टिगेशन कमीशन बनाएगा। अगले सप्ताह इस्तांबुल में रूस और यूक्रेन के बीच एक बार फिर शांति वार्ता की शुरुआत हो रही है। शांति वार्ता के इस नए दौर से दुनिया को काफी उम्मीदें हैं।

रूस ने कहा है कि वह वार्ता के दौरान एक मेमोरेंडम प्रस्तुत करेगा। हालांकि यूक्रेन को अभी भी रूस पर भरोसा नहीं है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा है कि रूस इस्तांबुल में क्या करने जा रहा है, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि रूस को डिप्लोमेसी के साथ खेलना बंद कर युद्ध को समाप्त करने की ओर बढ़ना चाहिए।

निःसन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

उमानाथ सिंह शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय
पिलखिनी, जौनपुर (उ.प्र.)
(वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध)
वर्तमान सत्र- 2025-26 से मान्यता प्राप्त विषय
कला संकाय (बी.ए.)
प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, होम साइन्स, समाज शास्त्र।
विज्ञान संकाय (बी.एस.सी.)
भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान।
प्रवेश प्रारम्भ - शीघ्रता करें - सीटें सीमित

स्वर्ण आभूषण होल सेल से कम रेट पर
16 वर्षों से शुद्धता एवं विश्वास की कसौटी पर ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरे सोने के भाँति निरंतरता को बनाये रखते हुए आमंत्रित करता है अपने प्रतिष्ठान
सौरव ज्वेलर्स
(अण्डरग्राउण्ड शोरूम)
सम्मानित ग्राहकगण
सोने के बढ़ते हुए रेट में सौरव ज्वेलर्स आपको सोने व चाँदी के जेवर होल सेल के सभी कम रेट पर आपको ज्वेलरी देने का प्रयास निरंतर कर रहा है। जिससे आप सभी को कुछ राहत मिल सके।
18 कैरेट जेवर पर 18 कैरेट का ही भाव लगेगा
22 कैरेट जेवर पर 22 कैरेट का ही भाव लगेगा
सोने के जेवर पर मेकिंग चार्ज 3.9 प्रतिशत से शुरू।
जो कि प्रदेश में पहली बार इतने न्यूनतम बनवाई पर HUID हाल मार्क गहने आप प्राप्त कर सकेंगे।
विश्वास ही हमारी परम्परा है।
मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज तिराहा, जौनपुर
प्रो0-सौरव कुमार बैंकर मो0- 7317337000

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो, लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू. ट्रेरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिएलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

बी.ए.एम.एस. के सर्वोत्तम प्रशिक्षण के लिए
डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज, जौनपुर
पता - 1214, नयनसण्ड, थाना रोड, गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उ.प्र.) 222133
College Code- AYU0728
ADMISSION OPEN 2025-26
अभ्यर्थी U.P., आयुष, NEET की वेबसाइट पर डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को प्रथम विकल्प चुनें
BAMS BACHELOR OF AYURVEDIC MEDICINE AND SURGERY
Recognized by NCISM, Ministry of AYUSH, Govt. of India, Affiliated to Mahayogi Guru Gorakhnath AYUSH University, Uttar Pradesh
10+2 (PCB) Min. 50% and NEET Qualifying Score
4.5 Years + 1 Year Internship
स्कॉलरशिप
एजुकेशन लोन सुविधा
LIMITED SEATS
HURRY UP!
PRE BOOK YOUR SEAT NOW
- जनपद जौनपुर का पहला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज।
- योग्य अनुभवी चिकित्सकों द्वारा उत्कृष्ट चिकित्सीय शिक्षा।
- विशेषज्ञ आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा।
- डिजिटल एक्सरे, अल्ट्रासाउण्ड, पैथोलॉजी, सर्जरी, ट्रामा, मेडिकल आई.सी.यू. ओटी, फिजियोथैरेपी, पंचकर्म, क्षारसूत्र से सुसज्जित हॉस्पिटल में विशेष प्रशिक्षण।
- विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु उत्कृष्ट वातावरण।
- आधुनिक पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला।

NEET UG 2024 QUALIFYING CUTOFF		
CATEGORY	PERCENTILE	MARKS
GEN/EWS	50%ile	164
OBC	40%ile	129
SC	40%ile	129
ST	40%ile	129

9415273329, 9889377675, 1390691111 drshakuntalaayush.in drshamch2023@gmail.com

ब्रिटन के लिए सबसे बड़ा खतरा है रूस

नई दिल्ली। दुनिया भर में अलग-अलग देशों के बीच संघर्ष चल रहे हैं। इस बीच ब्रिटेन ने अपनी रक्षा समीक्षा में बड़ी चेतावनी जारी की है और आने वाले 10 सालों की रक्षा योजना की समीक्षा में रूस को बड़ा खतरा बताया है। ब्रिटेन ने चीन को लेकर भी प्रतिक्रिया दी है और चीन को जटिल चुनौती करार दिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ब्रिटेन की कीर स्टार्मर की सरकार सोमवार को समीक्षा रिपोर्ट जारी कर सकती है। ब्रिटेन ने अपने सैन्य उपकरणों और सेवाओं के लिए 10 वर्षों की योजना को लेकर समीक्षा रिपोर्ट तैयार की है। पूर्व नाटो महासचिव जॉर्ज रॉबर्टसन की अध्यक्षता वाली टीम ने इस रिपोर्ट को तैयार किया है। 13 पन्नों की इस रिपोर्ट में चीन को जटिल चुनौती बताया गया है। चीन को जटिल इसलिए बताया गया है क्योंकि चीन कई बार रूस और ईरान, उत्तर कोरिया के साथ सहयोग करने को तैयार रहा है।